प्रधानमंत्री मोदी ने की 'संकल्प सप्ताह' की ... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 01 अक्टूबर 2023 • वर्ष-29 • अंक-344 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 4 अक्टूबर को पलामू आएंगे : उपायुक्त

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 4 अक्टूबर को चियांकी के गणके ग्राम में स्थित मेधा दूग्ध संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इस बात की पुष्टि पलामू के उपयुक्त शशि रंजन ने की है। इस बाबत डीसी श्री रंजन ने बताया कि अब तक की सूचना के अनुसार मुख्यमंत्री 4 अक्टूबर को मेधा दुग्ध संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। यह मेधा दुग्ध संयंत्र 37 करोड़ से ऊपर की राशि में बनकर तैयार है। इस संयंत्र में दूध के प्रोसेसिंग के लिए जो चार अति महत्वपूर्ण जांच है। उन्हें सफलता पूर्वक पास कर लिया है। यहां यह कहना उचित होगा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस दुग्ध संयंत्र के उद्घाटन की तिथि को लेकर कई अटकलें लगाई गयी। यह कहा गया था कि 26 सितंबर को मुख्यमंत्री आएंगे पर ऐसा नहीं हुआ। अब उनके आने की खबर 4 अक्टूबर की है। शनिवार को उप विकास आयुक्त रवि आनंद सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह सुजीत कुमार और कुछ एक पुलिस अधिकारी मेधा दुग्ध संयंत्र का गणके पहुंचे। तथा मुख्यमंत्री की 4 अक्टूबर की यात्रा के संदर्भ में सुरक्षा का जायजा लिया।

### हत्या के आरोपी विचाराधीन कैदी ने छत से कूदकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र के घाघीडीह सेंट्रल जेल में शनिवार की सुबह विचाराधीन कैदी विश्वनाथ सोरेन ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद उसे इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। विश्वनाथ पर अपनी चाची नोवा सोरेन की हत्या का आरोप है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सूत्रों के अनुसार जेल के अंदर कुछ दबंगों द्वारा उसे अपने परिजनों से फोन पर बात नहीं करने दिया जा रहा था। इस कारण उसने आत्महत्या कर ली है।

### चाईबासा में बंधन बैंककर्मी से लूटपाट करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभम।** पुलिस ने नकली पिस्टल के बल पर बंधन बैंक की महिलाकर्मी से लूटपाट करने वाले तीन अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में चाईबासा जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र स्थित चौगासाई सिमीदिरी निवासी इजहार हुसैन (20), मो जुनैत उर्फ जिशान (18) और उड़ीसा के सुन्दरगढ़ जिले के उदितनगर स्थित मालगोदाम निवासी मो इरफान आलम (19) शामिल है। आरोपी के पास से लूटा गया 15000 रुपया, लूटा हुआ स्कूटी (जेएच06आर-7238), दो मोबाईल और घटना में प्रयुक्त नकली पिस्तौल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 27 सितंबर को अपराधियों ने चक्रधरपुर थाना अंतर्गत मंडलसाई जाने वाले रास्ते से बंधन बैंक की महिला कर्मी शिखा प्रजापति से दो अपराधियों ने नकली पिस्तौल दिखाकर 46 हजार और स्कूटी लूट लिया था। घटना को गंभीरता से देखते हुए चाईबासा एसपी के निर्देश पर अपराधियों की धर पकड़ के लिए चाईबासा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम गोइलकेरा से तीनों अपराधियों को स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर शनिवारक को जेल भेज दिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दो दोषियों को अंतिम सांस तक कारावास

**रांची।** पोक्सो न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में तीन दोषियों को शनिवार को सजा सुनाई है। विजय रजवार और प्रेम कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन दोनों को अंतिम सांस तक जेल में रहने का आदेश कोर्ट ने दिया है। कोर्ट ने दोनों पर अलग-अलग 20-20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जबकि नाबालिग दोषी को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है और उसपर 10 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। उल्लेखनीय है कि 11 अगस्त 2020 को सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**दुमका।** प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्रा की अदालत ने दस वर्षीय नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में दोषी बाबूधन मरांडी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। साथ ही 45 हजार रुपए जुमार्ना का आदेश दिया। अदालत में पोक्सो केश 24/2019(शिकारीपाड़ा थाना कांड संख्या 73/2019) में सजा की बिंदु पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से लोक अभियोजक चम्पा कुमारी और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने रानेश्वर थाना क्षेत्र के पातुसाला गांव के रहने वाले बाबुधन मरांडी को उम्रकैद की सजा सुनायी।

## मरीज की मौत का पलामू के आयुक्त ने लिया संज्ञान, दिए जांच के आदेश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह गांव के एक व्यक्ति की दो दिन पूर्व झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन दिये जाने के बाद हुई मौत मामले पर संज्ञान लेते हुए पलामू के आयुक्त मनोज जायसवाल ने मामले की त्वरित जांच के आदेश दिये हैं। आयुक्त श्री जायसवाल ने पलामू के सिविल सर्जन को जांच कर कड़ी कार्रवाई का आदेश दिया है। कहा है कि इस तरह के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, ताकि आमजनों की जान-माल की क्षति से बचाव किया जा सके। आयुक्त ने कहा है कि आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सरकार, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन तत्पर है। विदित हो कि एक दिन पूर्व ही आयुक्त ने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं क्लिनिकों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### रांची के लापुंग में हुई फायरिंग में युवक की मौत, एक गंभीर

**रांची।** लापुंग थाना क्षेत्र के हुलसु गांव में अपराधियों ने शुक्रवार देर रात फायरिंग की। इसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राजेश और संदीप पर अपराधियों ने फायरिंग की। फायरिंग में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संदीप बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना के बाद संदीप को आनन-फानन में रिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने शनिवार को बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## जेएसएससी का हाल : 8 साल में 4 बार आवेदन, फिर भी नहीं हो पा रही परीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने में जुटी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग पिछले 8 वर्षों से इसमें सफल नहीं हो पाई है। इतना ही नहीं बीते इन वर्षों में आयोग के द्वारा चार-चार बार अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए जा चुके हैं। ऐसे में 2023 के जून महीने में निकाले गए विज्ञापन की संभावित परीक्षा तिथि जो पहले में 15 और 16 अक्टूबर को निर्धारित की गई थी उसे एक बार फिर स्थगित करते हुए 16 दिसंबर और 17 दिसंबर कर दिया गया है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए तैयारी करने में जुटे विद्यार्थियों का मानना है कि आयोग छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। तैयारी में जुटे छात्र चंदन कुमार कहते हैं कि स्नातक स्तरीय विभिन्न पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा के लिए 2015 से आवेदन मंगाए जा रहे हैं, लेकिन अब तक चार बार आवेदन भरे जाने के बाद भी परीक्षा नहीं हो पाई है। कुछ इसी तरह छात्र धीरेंद्र कुमार यादव कहते हैं कि सरकार और आयोग की मंशा ही नहीं है कि यहां के लोगों को नौकरी मिले। शायद यही वजह है कि 8 साल से बार-बार यह विज्ञापन निकाला जाता है और परीक्षा नहीं हो पाती है। संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए साल 2015 से विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। इस विज्ञापन में कई तरह त्रुटियों थी। जिसकी वजह से झारखंड हाई कोर्ट के द्वारा इस पर रोक लगा दी गई और बाद में विज्ञापन को ही रद्द कर दिया गया।

# सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन सारंडा होगी शिफ्ट

### 12 वर्ष से है कार्यरत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में लंबे समय से कार्यरत सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन को क्लोज करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बटालियन को नक्सल प्रभावित इलाके पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा में शिफ्ट किया जायेगा। इस सिलसिले में केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने निर्णय लिया है। पलामू जिले में पिछले 12 वर्ष से सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन कार्यरत हैं। पलामू को करीब करीब नक्सल गतिविधियों से शांत करने में इस बटालियन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पलामू में कार्यरत सीआरपीएफ 134वीं बटालियन की एसआरइ (स्पेशल रिजन एक्सपेंडिचर) फंड रोक दी है। साथ ही इस जिले से इस बटालियन को सारंडा भेजने का निर्णय लिया है। यह भी जानकारी मिली है कि चाइबासा के सारंडा के जिस इलाके में इस कंपनी को शिफ्ट किया जायेगा, वहां के लिए जमीन भी मिल गयी है। इसका मुख्यालय वहीं बनाया जायेगा। सारंडा में कार्यरत सीआरपीएफ की 7वीं बटालियन क्लोज हो रही है। उसे दूसरे इलाके में शिफ्ट किया जायेगा।




### सबसे पहले 13वीं बटालियन का हुआ था पदार्पण

पलामू जिले में वर्ष 1995-96 से सीआरपीएफ की तैनाती रही है। सबसे पहले सीआरपीएफ की कंपनी वर्ष 1995-96 में यहां हुआ करती थी। लेकिन 2000 के बाद 13वीं बटालियन का पदार्पण यहां हुआ। करीब 10 से 12 वर्ष तक 13वीं बटालियन यहां रही। इसके बाद 134वीं बटालियन का आगमन हुआ। दोनों बटालियन ने मिलकर नक्सलियों से जमकर लोहा लिया। सीआरपीएफ जवानों के अदम्य साहस का ही परिणाम है कि इस जिले से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की गतिविधियां कम हुई हैं। पलामू जिले से सीआरपीएफ को शिफ्ट करने पर पुलिस के लिए चुनौती साबित होगी। ज्यादातर नक्सल गतिविधियों को लेकर अभियान में सीआरपीएफ के जवान शामिल रहे हैं। ऐसे में अगर सीआरपीएफ इस जिले से जाती है तो अभियान को लेकर पुलिस के समक्ष चुनौती आयेगी। जिला पुलिस का कार्य दायित्व काफी है। विधि व्यवस्था संधारण के साथ साथ छोटे उग्रवादी संगठनों और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी पड़ती है। ऐसे में अगर भाकपा माओवादी की गतिविधि इस जिले में दोबारा से बढ़ी तो कार्रवाई करने में समस्या आयेगी।

## फर्जी आयकर अधिकारी बन छापेमारी कर लूटने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने बॉलीवुड फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर फर्जी आयकर अधिकारी बन छापेमारी कर लूटने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह का मुखिया खुद को आयकर अधिकारी बताकर छापेमारी की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपितों में बिरसानगर थाना क्षेत्र स्थित बिरसानगर जोन नंबर-2 निवासी अजय पूर्ति, जगरनाथपुर थाना क्षेत्र स्थित केदुआ निवासी कांडे तिरिया, चाईबासा जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित टुन्नारी निवासी कमलेश तिरिया और मुसाबनी थाना क्षेत्र स्थित नर्स लाइन निवासी प्रमित पूर्ति का नाम शामिल है। अजय पूर्ति मूलरुप से सरायकेला खरसावां जिले के सरायकेला थाना क्षेत्र स्थित सब्लापुर का रहने वाला है। आरोपित के पास से एक सूमो, एक स्कॉर्पियो, एक बेजा, एक बैग, ताला तोड़ने वाला गैस कटर, हथोडी, स्क्रू ड्राईवर, छेनी सहित अन्य समान बरामद किया गया है। यह जानकारी शनिवार को जमशेदपुर के एसएसपी कौशल किशोर ने पत्रकारों से बातचीत में दी। पुलिस के अनुसार 24 सितंबर को सुंदरनगर थाना क्षेत्र स्थित जोडरागोड़ा लाईन टोला मसं 135 पटेल बगान मेट्स इण्डिया कम्पनी के सामने रहने वाली एम मेरी के घर पर एक सूमो गाड़ी से तीन चार की संख्या में अज्ञात लोग आये और अपने आप को आयकर अधिकारी के रूप में परिचित देते हुए उसके घर के कमरे में फर्जी छापेमारी कर जेवरात एवं आठ हजार रुपये ले गये। इस सम्बन्ध में पीडिता एममेरी के आवेदन पर सुंदरनगर थाना (कांड संख्या-17/2023) में अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। घटना के उद्भेदन के लिये ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम काण्ड का उद्भेदन करते हुए इस काण्ड में संलिप्त अप्राथमिकी अपराधी अजय पूर्ति, कांडे तिरिया, कमलेश तिरिया और प्रमित पूर्ति को गिरफ्तार किया गया। आरपी के पास से घटना में प्रयुक्त ताला तोड़ने वाला गैस कटर, हथोडी, स्क्रू ड्राईवर छेनी घटना में आयकर अधिकारी के सादे लिबास (पैंट शर्ट), एक काले रंग बैग एवं घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त वाहन टाटा सूमो गोल्ड, स्कॉर्पियो, ब्रेजा को बरामद किया गया। वहीं घटना में संलिप्त अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी जारी है। सभी आरोपित फिल्म स्पेशल 26 से प्रेरित होकर आयकर अधिकारी बनकर 24 सितंबर की सुबह एम मेरी के घर पर घुसे और सबसे पहले घर का दरवाजा बंद करते हुए घर पर मौजूद एम मेरी और उसकी बेटी को बंधक बना लिया।

## जमशेदपुर में डेंगू से तीन छात्रों की मौत, एडवाइजरी जारी

**जमशेदपुर।** जिले में 28 सितंबर तक डेंगू से छह लोगों की मौत हुई है जबकि स्कूलों में लगातार बच्चे बीमार हो रहे हैं। अब तक तीन स्कूली बच्चों की मौत डेंगू से हो चुकी है, जिसमें जेपीएस बारीडीह, तारापोर एग्रिको और डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के एक-एक छात्र हैं। इसके बाद मद्देनजर जमशेदपुर अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने एक एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में सभी प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को बताया गया है कि वे स्कूल परिसर में किसी भी कीमत पर जलजमाव नहीं होने दें। सभी बच्चों को फुल बांह की शर्ट और फुल पैंट पहनकर स्कूल आने को कहा है।उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले में डेंगू की रोकथाम को लेकर परिजनों से अपील की। उन्होंने कहा कि बीमारी गंभीर होने के पहले ही मरीज को अस्पताल लेकर आएं। साथ ही सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों से डेंगू की रिकवरी रेट को बेहतर करने को कहा है, ताकि मरीजों को आईसीयू में शिफ्ट करने की नौबत नहीं आये। सिविल सर्जन डॉ। जुझार मांझी ने शनिवार को बताया कि स्कूलों में बच्चों को जागरूक करने के लिए एक टीम का गठन किया गया है। टीम ने अब तक नरभेराम, लोयोला, हिलटॉप, चिन्मया विद्यालय, आंध्रा मिशन, राजेंद्र विद्यालय, मोतीलाल स्कूल जाकर डेंगू को लेकर बच्चों को जागरूक कर चुकी है। उन्होंने कहा कि जिले में एलाइजा किट की कमी नहीं हो। इसे लेकर कम से कम एक सप्ताह का स्टॉक रखें। एमजीएम अधीक्षक एवं सिविल सर्जन को अस्पताल परिसर में 24 घंटे एंबुलेंस सुविधा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### रांची में फायरिंग मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी की पुलिस ने मनीष कुमार को गोली मारकर घायल करने के मामले का खुलासा कर दिया है। इस वारदात सात अपराधी शामिल थे। जिसमें से छह अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि पांच साल जेल में रहने के बाद चार माह पहले जमानत पर छूटे अपराधी बिट्टू पांडेय उर्फ सुजीत उपाध्याय ने क्षेत्र में वर्चस्व कायम करने और दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। बिट्टू का आपराधिक रिकार्ड रहा है। अपहरण के एक मामले में अपराधी बिट्टू को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी। पुलिस की गिरफ्त से बाहर अपराधी बिटू पांडेय उर्फ सुजीत उपाध्याय ने इलाके में वर्चस्व कायम करने के उद्देश्य से ही गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार अपराधियों में मूलरूप से दरभंगा के नेहरा थाना क्षेत्र निवासी आकाश कुमार सोनी उर्फ सोनू, यूपी के बलिया के कुमार अनुराग, बिहार के मधेपुरा के मनीष कुमार झा, भोजपुर के विपिन कुमार सिंह, पलामू के लेस्लीगंज के रहने वाले वरूण देव और आशीष आनंद शामिल हैं।

## भारत का आदित्य-एल1 पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर, इसरो ने दी बड़ी अपडेट



**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि भारत की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक बाहर चली गई है। आदित्य-एल1 ने अब तक 9.2 लाख किमी से अधिक की यात्रा की है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, आदित्य-एल1 अब सन-अर्थ लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) की ओर अपना रास्ता तय कर रहा है। इसरो ने बताया, यह लगातार दूसरी बार है कि इसरो ने पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र के बाहर एक अंतरिक्ष यान भेजा है। पहली बार मंगल ऑर्बिटर मिशन को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजा गया था। यह लगातार पांचवीं बार है जब इसरो ने किसी वस्तु को किसी अन्य खगोलीय पिंड या अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया है। इसरो ने अंतरिक्ष यान को तीन बार चंद्रमा और एक बार मंगल की ओर स्थानांतरित किया है। आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को भारतीय रॉकेट, ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) से निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया। उस समय से इसरो ने अंतरिक्ष यान की कक्षा को चार बार बढ़ाया है। जैसे ही अंतरिक्ष यान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव क्षेत्र (एसओआई) से बाहर निकलने के बाद लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) की ओर यात्रा करेगा, क्रूज चरण शुरू हो जाएगा। फिर, इसे एल1 के चारों ओर एक बड़े प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा।

### जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रेशन होगा अनिवार्य

# आज से बदल जाएंगे कई नियम

**म्यूचुअल फंड नॉमिनेशन, टीसीएस से जुड़े नए नियम, डीमैट अकाउंट में नॉमिनेशन**

**लघु बचत खातों के लिए पैन-आधार, कई कार्य में जन्म प्रमाण पत्र जरूरी**

-आरएनएम

**नई दिल्ली।** एक अक्टूबर 2023 से नई तिमाही की शुरूआत के साथ कई नए नियम बदल रहे हैं। इनमें प्रमुख हैं - म्यूचुअल फंड नामिनेशन, टीसीएस से जुड़े नए नियम, डीमैट अकाउंट में नॉमिनेशन, लघु बचत खातों के लिए पैन-आधार, कई कार्य में जन्म प्रमाण पत्र जरूरी, पेट्रोलियम पदार्थों के दाम में बदलाव। मालूम हो कि म्यूचुअल फंड खातों में नॉमिनी जोड़ने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2023 की तय की गई थी। इसलिए एक अक्टूबर से जिन खातों में नॉमिनी नहीं जोड़ा जाएगा उन्हें डेबिट फ्रीज किया जा सकता है। जहां तक क्रेडिट कार्ड की बात है तो अब 7 लाख रुपये से अधिक के विदेशी खर्च पर एक अक्टूबर से 20 प्रतिशत टीसीएस लगेगा। लेकिन इस तरह का खर्च चिकित्सा या शैक्षिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है, तो टीसीएस पांच प्रतिशत ही लगाया जाएगा। विदेशों में शिक्षा के लिए ऋण लेने वालों के लिए सात लाख रुपये की सीमा से ऊपर 0.5 प्रतिशत की दर से टीसीएस देना होगा। डीमैट अकाउंट में नॉमिनी जोड़ने की आखिरी तारीख 30 सितंबर थी। जिन्होंने अब तक अपने डीमैट खातों में नॉमिनी का नाम नहीं जोड़ा है उनको एक अक्टूबर से परेशानी हो सकती है। इसी तरह पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ), सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई), पोस्ट ऑफिस डिपॉजिट और अन्य छोटी बचत योजनाओं के निवेशकों को सितंबर महीने के अंत तक पोस्ट ऑफिस या बैंक ब्रांच में अपना आधार नंबर और पैन नंबर जमा करना था। जो नहीं किये होंगे उनके लघु बचत निवेश को फ्रीज किया जा सकता है। पीपीएफ, एसएसवाई, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) जैसी छोटी बचत योजनाओं में निवेश करने के लिए पैन और आधार नंबर अनिवार्य है। वित्त मंत्रालय ने 31 मार्च 2023 को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की थी।



### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की थी अधिसूचना

जन्म और मृत्यु का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है। क्योंकि जन्म व मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 लागू हो रहा है। इस नियम के तहत जन्म व मृत्यु के लिए निबंधन कराना अनिवार्य हो जाएगा। इसे लेकर गृह मंत्रालय ने 13 सितंबर को अधिसूचना जारी की थी। जन्म प्रमाणपत्र स्कूलों में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, मतदाता सूची तैयार करने, विवाह पंजीकरण, सरकारी रोजगार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, पासपोर्ट और आधार नंबर जारी करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए अहम साबित होगा। पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की कीमतों की तेल और गैस कंपनियां समय-समय पर समय-समय पर समीक्षा करती रहती है।

## तारा शाहदेव मामले में तीनों आरोपी करार दिए गए दोषी

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने नौ वर्ष पुराने तारा शाहदेव मामले में तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया है। आरोपितों में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन, उसकी मां कौशल रानी और झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (निगरानी) मुश्ताक अहमद शामिल हैं। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई की तिथि पांच अक्टूबर निर्धारित की है। अदालत पांच अक्टूबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये फैसला सुनायेगी। अदालत ने तीनों आरोपितों को आईपीसी की धारा 120बी, 496, 376(2)एन, 323, 298, 506 में दोषी पाया। अभियोजन पक्ष (सीबीआई) के वरिष्ठ लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह मौजूद थे। लोक अभियोजक रवि कुमार ने उनकी सहायता की। नेशनल शूटर तारा शाहदेव ने हिंदपीढ़ी थाने में रंजीत कोहली और उसकी मां कौशल रानी के खिलाफ 19 अगस्त, 2014 को मामला दर्ज कराया था। इसमें धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था। झारखंड पुलिस ने अदालत में धारा 34/498ए के तहत रंजीत कोहली और उसकी मां कौशल रानी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की लेकिन इससे तारा शाहदेव संतुष्ट नहीं हुई। तार ने इसका विरोध किया। इसके बाद झारखंड सरकार ने मामला सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया। सीबीआई ने 22 मई, 2015 को केस दर्ज किया। सीबीआई की डीएसपी सीमा पाहुजा ने केस का अनुसंधान किया।

## गागर में सागर

### बढ़ रहे हैं सदर अस्पताल में दलाल

**मेदिनीनगर।** कमीशन के लालच में बढ़ रहे हैं सदर अस्पताल में दलाल। बताते चलें कि सदर अस्पताल में नियमित अल्ट्रासाउंड होने की वजह से लोग बाहर के क्लीनिक में जाकर अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं। इसी का फायदा यहां का दलाल उठा रहे हैं। बाहर में अल्ट्रासाउंड कराने पर डायरेक्ट दलालों को 300 कमीशन मिल रहा है। इसी के लालच में दलाल गरीब मरीजों को बाहर में अल्ट्रासाउंड करवा रहे हैं। इसके अलावा अस्पताल के बाहर जेनेरिक दवा बेचने वाले दवा दुकानों के संचालक भी दलालों को लालच देते हैं कि यदि मरीज को लेकर हमारे दुकान में आएंगे तो कमिश्न का पैसा 500 से 1000 तक आपको मिल जाएगा। दलाल भी पैसे की लालच में लोगों को बाहर से दवा दिलाने की होड़ में लगे रहते हैं।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो निवासी बसंत चेरों की पुत्री चंचला कुमारी उम्र 16 वर्ष शनिवार की सुबह जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में मृतक की मां दुर्गावती देवी ने बताया कि शनिवार की सुबह चंचला मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। जहरीला पदार्थ खाने की वजह से उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण व परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया।सदर अस्पताल मेदिनीनगर में चिकित्सको द्वारा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही इस घटना के बाद इस घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। इसके बाद पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया।पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के पिता बसंत चेरो बहुत ही गरीब व्यक्ति हैं वह भी काफी दिनों से बीमार चल रहे हैं।

### नवरात्रि में मांस व शराब दुकान बंद रखने की अनुशंसा

**मेदिनीनगर।** नवरात्रि के दौरान मांस व शराब की दुकान बंद रखने के लिए जिला प्रशासन से मांग करेगी केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी,महासचिव ललन सिन्हा ने बताया कि नवरात्रि के पवित्र काल में इन सबों के बिक्री पर रोक लगनी चाहिए । वहीं जिले में आनलाईन बिक्री के जरिए करोड़ों की कमाई करने वाले संस्थानों को पूजोत्सव में सहयोग राशि देना चाहिए। मौके पर नवीन तिवारी,उदय शुक्ला,बृजेश शुक्ला, हरिशंकर सिंह समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 15 वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र से विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों का पारंगत होना इस बात का द्योतक है कि क्षेत्र विकास पथ की ओर अग्रसर है । स्थापना के शुरूआती दौर से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध संत मरियम विद्यालय अब बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्र जैसे आर्चरी राइफल शूटिंग कबड्डी कराटे ,क्रिकेट जैसे खेलो में भी पारंगत बना रहा है । इसी कड़ी में कर्जन ग्राउंड में झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी संगठन द्वारा आयोजित 15 वी झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के 17 खिलाड़ी भाग लेने के लिए रवाना हुए। मौके पर स्कूल के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को तिलक लगाते हुए उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी । अभय सिंह, विशाल कुमार, प्रीतम राज, अंकित शर्मा, अभिषेक कुमार, यश राज, हिमाशु यादव, अनुराग लकड़ा, सूरज पासवान, बिपांशु सिंह, अंश राज, शशिकांत रंजन, नंदन यादव, नमन सिंह , चिराग लकड़ा, क्षितिज सिंह सभी खिलाड़ी संत मरियम स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन के साथ हजारीबाग के लिए रवाना हुए। उक्त मौके पर शुभकामना प्रेषित करते हुए स्कूल के चेयरमैन ने कहा कि आर्चरी जैसे कठिन खेल में पलामू के बच्चों का भाग लेना एक शानदार सुखद अहसास है।

### डीएमओ ने की 100 वाहनों की जांच

## 540 सीएफटी पत्थर समेत वाहन पुलिस के सुपुर्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन द्वारा अवैध खनन भंडारण परिवहन की रोकथाम को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में जिले में खनन पदाधिकारी द्वारा कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने शुक्रवार की देर शाम हरिहरगंज में प्रशासन द्वारा बनाए गए चेक नाका पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ करीब एक सौ वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहन संख्या-बीआर 24 जीबी-6740 को पत्थर ले जाते पाया गया। इसके बाद चालक द्वारा उपलब्ध कराए गए कागजातो की जांच की गयी।जांच में कागजात संतोष जनक नहीं



पाये जाने पर वाहन को पत्थर समेत जप्त कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि वाहन में 540 सीएफटी पत्थर लोड है। कागजात की जांच के बाद कुछ त्रुटियां पाई गई है,जांच के उपरांत पत्थर का अवैध परिवहन पाया गया तो चालक, वाहन व मालिक समेत इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### 3 घंटे तक चलाया वाहन चेकिंग अभियान

अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर हरिहरगंज पहुंचे जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी के साथ बनाए गए चेकनेका पर शाम 7:30 बजे से वाहन चेकिंग अभियान आरंभ कर दिया लगभग 3 घंटे तक वाहन चेकिंग चलाया एवं 100 से भी अधिक वाहनों की जांच की।

### राशन वितरण में अनियमितता बरतने वाले डीलरों के खिलाफ कार्रवाई

# पलामू के चार पीडीएस डीलरों का लाइसेंस सस्पेंड

### नियमानुसार करें राशन का वितरण, अन्यथा कार्रवाई को रहें तैयार : डीएसओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में सभी राशन कार्डधारियों को निर्धारित मात्रा में पूरा राशन मिले,इसे लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। इसी के तहत उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू को जिले में पीडीएस सिस्टम को दुरुस्त करने व अनियमितता बरतने वाले डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद से जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु सक्रियता से जांच में जुट गई हैं। जिले में वैसे जन वितरण प्रणाली विक्रेता जो कम अनाज दे रहें हैं या अंगूठा लगवाकर राशन ही नहीं दे रहें हैं या तय मानक के अनुरूप राशन नहीं दे रहें हैं उन सभी के खिलाफ प्राप्त शिकायतों की जांच के पश्चात उनपर कार्रवाई तेज कर दी गयी है। इस बाबत डीएसओ ने बताया कि नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के पूणाडीह के जन वितरण प्रणाली विक्रेता



अनिल कुमार सिंह के विरुद्ध अगस्त व सितंबर माह का राशन वितरण नहीं किये जाने की शिकायत थी। वहीं पांकी के नौडीहा-2 पंचायत के गायत्री आजीविका सखी मंडल के विक्रेता के विरुद्ध निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में अनाज वितरण करने व सोना-सोबरन-धोती-साड़ी योजना के तहत निर्धारित मूल्य से अधिक राशि की वसूली किये जाने की शिकायत की गई थी । इसी तरह तरहसी के उदयपुरा-1 अंतर्गत राशन डीलर जीवनंदन यादव के विरुद्ध सितंबर माह का राशन वितरण नहीं किए जाने एवं तरहसी प्रखंड के गुरहा के डीलर के विरुद्ध भी विभिन्न प्रकार के शिकायते थी। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि ये सभी शिकायते स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्डधारी या अन्य माध्यमों से विभाग को की गई थी। जिसकी जांच स्थानीय प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से कराई गयी और जांच रिपोर्ट के आधार पर चारो दुकानदारों की अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई है। डीएसओ ने जिले के सभी राशन डीलरों को नियमानुसार राशन वितरण करने की हिदायत देते हुए कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है।

### महापर्व पर्युषन के समापन समारोह में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**मेदिनीनगर।** महापर्व पर्युषन के समापन समारोह में आज जैन भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक गंगवाल एवं संयोजक रिंकू छाबड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में पिछले दस दिनों से जारी पर्युषन चैंपियन लीग जो चार ग्रुप सुधा चैलेंजर प्रमाण राइडर विराट चैलेंजर प्रसन्न पैंथर के बीच खेला जा रहा था जिसका फाइनल खेला गया। इसमें सुधा चैलेंजर विजयी हुई। सांगानेर से पधारे विद्वान उमेश जैन मीडिया के बंधुओं लाइट साउंड टेंट मंदिर में कार्यरत कर्मी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सरस जैन सचिव सागर रारा कमल कासलीवाल अमित रारा पंकज पाटनी अनिल काला ज्ञान चंद काला पदम पाटनी सुरेश जैन शांति रारा निलेश जैन राजीव रारा किशोर रारा आशीष रारा पवन छाबड़ा नरेश छाबड़ा विशाल पाटनी मयूर कासलीवाल अशोक कासलीवाल रितेश पाटनी मनोज पहाड़िया अशोक पांड्या सुनील शास्त्री महिला मंडल अध्यक्ष पुष्पा रारा सचिव बबीता काला उर्मिला कासलीवाल विमला पाटनी पिंकी कासलीवाल रमा रारा ज्योति रारा राजुल बाकलीवाल चंदा गंगवाल तारा गंगवाल जूली पांड्या गूंजा रारा मोनिका पहाड़िया रचना कासलीवाल समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### लोक अदालत में 59 मामलों का निस्तारण

## 51 लाख 48 हजार 929 रुपए का मामला सेटल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर 59 मामले का निस्तारण किया गया।वही 51 लाख 48 हजार929 रुपये का मामला सेटल हुआ।लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नव पीठो का गठन किया गया था ।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार का सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता बीना मिश्रा कर रहे थे ।इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका।पीठ संख्या दो में विद्युत विभाग के मामले का निस्तारण संतोष कुमार जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम वअधिवक्ता प्रदीप कुमार ने किया।इस पीठ में 27 मामले का निस्तारण किया गया ।पीठ संख्या तीन में आपराधिक मामले का निस्तारण सीजेएम निरुपम कुमार व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे ने किया। इस पीठ में 22 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में सिविल जज सीनियर डिवीजन के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण ए सी जे एम आनंदा सिंह व अधिवक्ता हुसैन वारिस कर रहे थे ।इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या पांच में सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन सतीश कुमार मुंडा व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने किया ।इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका । पीठ संख्या छह में जे जे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण चंदन कुमार गोस्वामी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता अशोक मिश्रा ने किया। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या सात में रेलवे कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण अमित बंसल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे।





सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड

संदेश

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु जनमानस को जागरुक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है एवं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वन्यप्राणी पारिस्थितिकी संतुलन के लिये महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हमारे आस-पास एवं वनों में पाये जाने वाले वन्यजीव यथा बाघ, भालू, हाथी, तेन्दुआ, मोर, गिलहरी, खरगोश व विभिन्न प्रकार के पक्षी, मधुमक्खी, रेशम के कीट, लाह, तितली इत्यादि मानव जीवन को रोमांचक एवं सुखद बनाते हैं। वन, वन्यप्राणी एवं मनुष्य, सबका अस्तित्व एक-दूसरे पर आश्रित है।

झारखण्ड राज्य का लगभग एक तिहाई भू-भाग सखुआ, करम एवं अन्य प्रकार के वनों से आच्छादित है। ये वन, वन्यप्राणियों के प्राकृतिक वास स्थल हैं। आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मनुष्य की विभिन्न गतिविधियों के कारण वनों पर दबाव बढ़ा है जिसके कारण वन्यप्राणियों के वास स्थल प्रभावित हुए हैं। फलस्वरूप यदा-कदा वन्यजीव मानव द्वंद्व जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

वन एवं वन्यजीव, अनादिकाल से मानव के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के केन्द्र रहे हैं। वन एवं वन्यजीवों में कमी नहीं हो, यह राज्यवासियों का कर्तव्य है। वन विस्तार एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए सरकार के स्तर से अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

राज्यवासियों से मेरी अपील है कि हम सब वन्यप्राणियों के संरक्षण का संकल्प लें तथा वन एवं वन्यजीव की सुरक्षा हेतु अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। वन एवं वन्यजीव हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। झारखण्ड राज्य को प्रकृति ने जंगलों से धनी बनाया है। ये जंगल वन्यप्राणियों के वास स्थान हैं। प्रकृति ने अनेक जीव-जंतुओं से इन वनों को सुशोभित किया है। हमारे वनों में बाघ, हाथी, तेन्दुआ, बंदर, भालू, मोर, सांप, खरगोश, गिलहरी अनेक प्रकार के पक्षी इत्यादि जीव-जंतु पाये जाते हैं। जीव-जगत में वन, वन में निवास करने वाले वन्यप्राणी, मनुष्य तथा अन्य सभी प्राणियों के जीवन एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं । प्राणियों के सह-अस्तित्व के लिये जैव-विविधता प्रकृति की व्यवस्था है । वन्यप्राणियों की संख्या में कमी होने से पारिस्थितिकी असंतुलन का खतरा उत्पन्न हो जाता।

विकास की दौड़ में वन्यप्राणियों का पर्यावास अर्थात हमारे वन प्रभावित हुए हैं। जिसके फलस्वरूप यदा-कदा वन्यजीवों का मानवों से टकराव भी हो जाता है। वन्यप्राणियों से जान-माल की हुई क्षति की पूर्ति सरकार के द्वारा की जाती है।

हमारी धरती, अहिंसा की धरती है। हमारे पर्व-त्योहार, रीति-रिवाज, संस्कृति एवं धर्म-अध्यात्म में वन्यप्राणियों एवं वन-वृक्षों का बहुत महत्व है। इन वन्यप्राणियों का संरक्षण हमारा परम कर्तव्य एवं दायित्व है। सरकार द्वारा वन्यप्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यान, गज परियोजना, व्याघ्र आरक्ष्य, वन्यप्राणी आश्रयणी तथा प्राकृतिक वनों का प्रबंधन किया जाता है। वन्यप्राणियों के पर्यावास उन्नयन के लिये सरकार वनों के विस्तार की योजनायें लागू करती हैं।

वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हम सभी झारखण्डवासी वन्यप्राणी की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहभागी बनें तथा वन्यजीवों के साथ-साथ अपनें जीवन को सुरक्षित बनायें।

PR No. 307926 (Forest, Environment and Climate Changes) 2023-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

## गागर में सागर

### लायंस क्लब और मिलाप मेडिकल सेंटर ने दी 103 रोगियों को इलाज की सुविधा



**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में कुल 103 रोगियों का इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध की गई है। इस कार्यक्रम के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. महजबीं, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शमशेर सिंह और डॉ असजद द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। स्वास्थ्य सलाह के साथ-साथ मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया। यह जानकारी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. असजद अंसारी ने दी। इस मौके पर ओटी असिस्टेंट युसूफ अंसारी, एएनएम संध्या, सेजल, बिंदु सहित कई लोग उपस्थित थे।

### शिविर में हुआ 12 यूनिट रक्त का संग्रह



**भवनाथपुर।** प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का दूसरा चरण के तहत शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास ने एक यूनिट रक्तदान कर की। शिविर में 12 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। सीआईएसएफ, केतार थाना के एस आई संजय हेंब्रम, समाज सेवी नित्यानंद पाठक ने रक्तदान किया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रंजन कुमार दास ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से हम रक्त की कमी को पूरा करके स्वस्थ रह सकते हैं और दूसरों के जीवन को भी बचा सकते हैं। रक्तदान करने से हमारे अपने स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचता है। समाजसेवी नित्यानंद पाठक ने कहा कि मैं 18वीं बार रक्तदान कर रहा हूं। समाज के लोगों के अंदर रक्तदान के प्रति जागरूकता होनी चाहिए। स्वास्थ्य मेले में तत्काल 140 आयुष्मान कार्ड व ओपीडी में 273 लोंगो का इलाज किया गया। इस मौके पर डॉ नीतीश भारती, डॉ अभिनीत विश्वास, प्रदीप पाठक, एमपी डब्लू प्रसाद, अनुज कुमार, अनूप कुमार, धर्मजीत पासवान आदि उपस्थित थे।

### मुखिया ने किया पोषाहार का वितरण



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह के द्वारा शनिवार को मायर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार का वितरण किया गया। इस दौरान 5 गर्भवती महिला, 6 धात्री महिलाएं एवं 15 बच्चों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया है। मुखिया ने आंगनबाड़ी सेविका तेतरी देवी एवं सहायिका सरोज देवी से बच्चों और महिलाओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली सामग्री को ससमय उन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज सरकार के द्वारा बच्चों को गुणात्मक विकास को लेकर अनेक तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। साथ ही पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है इसका शत प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए।

### जन्म प्रमाणत्र बनाने के लिए किया प्रेरित



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने शनिवार को सलसलादी ग्राम में रह रहे मुसहर परिवार के लोगों से मिलकर उनका जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिये लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाणपत्र बनने के बाद ही आधार कार्ड बनेगा। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड रहने पर ही आपको सरकारी सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने मुसहर परिवार के 20 लोगों का जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिये फार्म भरवाया। उन्होंने कहा कि 10 लोगों के पास राशन कार्ड बना है और वे लोग राशन ले रहे हैं। मौके पर रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, स्वयंसेवक सत्येंद्र कुमार, रामजी, श्यामजीत, मनी, सुनीता, कलावती, माया, उपेंद्र आदि उपस्थित थे।

**धर्म-कर्म : मनुष्य की इज्जत धन बढ़ने से नहीं है, प्रत्युत धर्म बढ़ने से है : जीयर स्वामी महाराज**

# भगवान से विमुख हो संसार के सम्मुख होने के समान कोई पाप नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि दूसरों की बुराई करने से तो पाप लगता ही है, बुराई सुनने और कहने से भी पाप लगता है। अपने कल्याण की तीव्र इच्छा होने पर साधक के पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान से विमुख होकर संसार के सम्मुख होने के समान कोई पाप नहीं है। अब मैं पुनः पाप नहीं करूंगा- यह पाप का असली प्रायश्चित्त है। मनुष्य जन्म में किये हुए पाप नरकों एवं चौरासी लाख योनियों में भोगने पर भी समाप्त नहीं होते, प्रत्युत शेष रह जाते हैं और जन्म-मरण का कारण बनते हैं। जहां मनुष्य अनुकूलता से सुखी और प्रतिकूलता से दुःखी होता है, वहां ही वह पाप-पुण्यसे बंधता है। नाशवान को महत्त्व देना ही बंधन है। इसी से सब पाप पैदा होते हैं। अगर सुख की इच्छा है तो न चाहते हुए भी पाप होगा। सुख की इच्छा ही पाप करना सिखाती है। अतः पापों से छूटना हो तो सुख की इच्छा का त्याग करो। नामजप अभ्यास नहीं है, प्रत्युत पुकार है। अभ्यास में शरीर - इन्द्रियां - मनकी और पुकार में स्वयं की प्रधानता रहती है। नामजप सभी साधनों का पोषक है। भगवान का नाम सब के लिये खुला है और जीभ अपने मुख में है, फिर भी नरकों में जाते हैं - यह बड़े आश्चर्य की बात है! भगवान का होकर नाम लेने का जो माहात्म्य है, वह केवल नाम लेने का नहीं है। कारण कि नामजप में नामी (भगवान) का प्रेम मुख्य है, उच्चारण (क्रिया) मुख्य नहीं है। कोई हमारा अपकार करता है तो उससे वस्तुतः हमारा उपकार ही होता है; क्योंकि उसके अपकार से हमारे पाप कटते हैं। संख्या (क्रिया) की तरफ वृत्ति रहने से निर्जीव जप होता है और भगवान की तरफ वृत्ति रहने से सजीव



जप होता है। इसलिये जप और कीर्तन में क्रिया की मुख्यता न होकर प्रेमभाव की मुख्यता होनी चाहिये कि हम अपने प्यारेका नाम लेते हैं! भगवान का कौन-सा नाम और रूप बढ़िया है - यह परीक्षा न करके साधक को अपनी परीक्षा करनी चाहिये कि मुझे कौन सा नाम और रूप अधिक प्रिय है।

स्वामी जी ने कहा कि रुपये मिलने से मनुष्य स्वाधीन नहीं होता, प्रत्युत रुपयों के पराधीन होता है; क्योंकि रुपये 'पर' हैं। धनके रहते हुए तो मनुष्य सन्त बन सकता है, पर धन की लालसा रहते हुए मनुष्य संत नहीं बन सकता। दरिद्रता धन मिलने से नहीं मिटती, प्रत्युत धन की इच्छा छोड़ने से मिटती है। मनुष्य की इज्जत धन बढ़ने से नहीं है, प्रत्युत धर्म बढ़ने से है। धन से वस्तु श्रेष्ठ है, वस्तु से मनुष्य श्रेष्ठ है, मनुष्य से विवेक श्रेष्ठ है और विवेक से भी सत-तत्त्व (परमात्मा) श्रेष्ठ है। मनुष्य जन्म उस सत-तत्त्व को प्राप्त करने के लिये ही है। साधक की समझ में चाहे कुछ न आता हो, उसको भगवान की शरण लेकर भगवान नाम-जप तो आरंभ कर ही देना चाहिये। भगवान नाम का जप और कीर्तन - दोनों कलियुग से रक्षा करके उद्धार करने वाले हैं। नामजप में प्रगति होने की पहचान यह है कि नाम जप छूटे नहीं। नामजप में रुचि नाम जप करने से ही होती है। रुपयों के कारण कोई सेठ नहीं बनता, प्रत्युत कंगला बनता है! वास्तव में सेठ वही है, जो श्रेष्ठ है। अर्थात जिसको कभी कुछ नहीं चाहिये। अभी जो धन मिल रहा है, वह वर्तमान कर्म का फल नहीं प्रत्युत प्रारब्ध का फल है। वर्तमान में धन प्राप्ति के लिये जो झूठ, कपट, बेईमानी, चोरी आदि करते हैं। उसका फल (दंड) तो आगे मिलेगा! अन्यायपूर्वक कमाया हुआ धन हमारे काम आ जाय- यह नियम नहीं है, परंतु उसका दंड भोगना पड़ेगा - यह नियम है। जहां रुपयों की जरूरत होती है, वहां परमार्थ नहीं होता, प्रत्युत रुपयों की गुलामी होती है। जैसे अपना दुःख दूर करने के लिये रुपये खर्च करते हैं, ऐसे ही दूसरे का दुःख दूर करने के लिये भी खर्च करें, तभी हमें रुपये रखने का हक है। धनके लिये झूठ, कपट, बेईमानी आदि करने से जितनी हानि होती है, उतना लाभ होता ही नहीं अर्थात उतना धन आता ही नहीं और जितना धन आता है, उतना पूरा-का-पूरा काम आता ही नहीं। अतः थोड़े से लाभके लिये इतनी अधिक हानि करना कहां की बुद्धिमानी है? मरने पर स्वभाव साथ जायेगा, धन साथ नहीं जायेगा। परंतु मनुष्य स्वभाव को तो बिगाड़ रहा है और धन को इकट्ठा कर रहा है। बुद्धि की बलिहारी है!

**जेएमएम का विधायक पर निशाना, कहा-अलकर सड़क का सीएम कर चुके थे शिलान्यास**

# सड़क का दोबारा शिलान्यास कर जनता को गुमराह कर रहे हैं भानू

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



विधायक भानू प्रताप शाही सीएम द्वारा किये गए सड़क का फिर से शिलान्यास कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। अलकर में बन रही सड़क का सीएम पहले ही ऑनलाइन शिलान्यास कर चुके हैं। झूठी राजनीति को जनता समझ रही है।

उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने अनिकेत पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भानू तीन बार विधायक रहने के बाद भी विधान सभा क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया। हेमंत सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों को अपना बताकर जनता को बरगलाने में लगे हैं, लेकिन यह अधिक दिन तक नहीं चलेगा। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी के गठजोड़ से हताश विधायक अनाप-सनाप बयानबाजी कर रहे हैं। धर्म के नाम पर हिंदू-मुस्लिम को लड़वाने का काम कर रहे हैं। क्षेत्र की प्रमुख समस्या पलायन को लेकर आज तक कुछ नहीं बोला, जबकि पलायन के कारण हर दिन क्षेत्र में युवाओं की लाश आ रही है। आगामी चुनाव में अपनी हार को भांप कर विधायक पूरी तरह से हताश हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दूसरे पर आरोप लगाने से पहले विधायक को अपना दामन देखना चाहिए। दवा घोटाला के साथ मधु कोड़ा काल मे चार हजार करोड़ रुपये घोटाले में इनका नाम है। इनपर उग्रवादी से गठजोड़ को लेकर एफआईआर दर्ज किया गया है। झामुमो सरकार हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर जनता का विश्वास जीत रही है। तीन सालों में झारखंड ने गुजरात जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पांचवां स्थान प्राप्त कर लिया है। इसके कारण भाजपा मुख्यमंत्री को ईडी से परेशान करवा रही है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमरनाथ पांडेय, मुकेश सिन्हा, मनोज पासवान भी मौजूद थे।

# शोभा बने डंडई प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र

**सेविकाओं-सहायिकाओं को बच्चों के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुख्यालय पंचायत में संचालित कई आंगनबाड़ी केंद्र आज भी सिर्फ और सिर्फ शोभा बनकर रह गए हैं। केंद्र की सेविकाओं और सहायिकाओं को पोषक क्षेत्र के बच्चों के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं रह गया है, जबकि शारीरिक बौद्धिक व ज्ञान की जानकारी के उद्देश्य से सरकार के द्वारा गांव के हर टोलों पर आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का काम किया गया था वह कुछ सेविकाओं व सहायिकाओं की लापरवाही से आज तक मुख्यालय पंचायत में धरातल पर नहीं उतर पाया है। पंचायत के एक दो आंगनबाड़ी केंद्रों को छोड़ शेष सभी या तो नियमित खुलते नहीं हैं और खुलते भी हैं तो उनकी समय सारिणी का कोई ठिकाना ही नहीं रहता है।

ऐसे में ज्ञान की इच्छा रखने वाले नौनिहाल केंद को बंद देख बिन पढ़ाई किये ही प्रत्येक दिन अपने घर लौट जाते हैं। इतना ही नहीं, किशोरी धात्री और गर्भवती महिलाओं के बीच जिस सामग्री का आंगनबाड़ी केंद्र पर वितरण होना है उसे सेविकाओं के द्वारा अपने-अपने घर पर वितरण करने का काम किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्र के बंद रहने का खामियाजा स्वास्थ्य विभाग के महिला कर्मियों को भी भुगतना पड़ता है। नतीजतन खुले आसमान के नीचे उन्हें नवजात शिशुओं का टीकाकरण करना पड़ता है। गांव की सरकार में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से लोगों को काफी अपेक्षाएं थीं लेकिन अभी तक उस पर कोई असर नहीं दिख पाया है।

विदित हो कि केंद्र पर विशेष ध्यान देने को लेकर सरकार की ओर से सेविकाओं को पूर्व में दिए जा रहे मानदेय की राशि में भी 3000 से लेकर 3500 तक की मासिक वृद्धि कर दी गई है। उसके बाद भी केंद्र का गुणात्मक परिणाम जीरो ही रह गया है। अगर नियमित जांच होती रहती तो उक्त केंद्रों की ऐसी स्थिति नहीं होती। मामले में सुपरवाइजर की लापरवाही से भी इनकार नहीं किया जा सकता। मुख्यालय पंचायत में इन दिनों कुल 9 आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है, जिनमें बेला झगड़ा आदिवासी टोला, पूर्व मुस्लिम टोला, गयाडीह टोला, डंडई बैगा टोला, भुइयां टोला, दक्षिण हरिजन टोला, बंगाली राम टोला, कस्तूरबा विद्यालय टोला ओर बैरिया दामर टोला शामिल हैं।

## राजघाटी में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, दो लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**





केतार- पाचाडुमर मुख्य पथ के राजघाटी में शनिवार की दोपहर एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर चालक सतेंद्र यादव और कामेश्वर यादव गंभीर रूप से घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर कधवन गांव से सीमेंट लेने भवनाथपुर जा रहा था। चालक ट्रैक्टर से दब गया। ग्रामीणों ने चालक को बाहर निकाला और दोनों को नजदीकी के स्वास्थ्य उपकेंद्र केतार में भर्ती कराया गया। घटनास्थल पर पहुंचे केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने घायलों को निजी वाहन से स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजवाया। पीएसआई कृष्णा उरांव दल-बल के साथ पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गये।

## सेल खदान में राजभाषा पखवाड़ा का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**




सेल भवनाथपुर- तुलसिदमार खदान में हिंदी दिवस राजभाषा पखवाड़ा के समापन पर सेल के प्रशासनिक भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजभाषा के प्रयोग और प्रसार के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित करने और कर्मचारियों एवं अधिकारियों को राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 14 सितंबर से 29 सितंबर तक लगातार हिंदी से जुडा कार्यक्रम होता रहा।

सेल भवनाथपुर- तुलसिदमार खदान के महाप्रबंधक मनोज कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अधिकारियों, कर्मचारियों ओर ठेका मजदूरों के लिए हिंदी स्लोगन, अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भवनाथपुर टाउनशिप स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्राओं के लिए हिंदी निबंध हिंदी, वाद विवाद आदि प्रतियोगिताओं तथा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल सेल, भवनाथपुर के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूल छात्रों को महाप्रबंधक मनोज कुमार, माइंस अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी विजय कुमार राम, सहायक महाप्रबंधक भगवान पाणीग्राही द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गए। इस मौके पर सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि हिंदी आम जनमानस की भाषा है, हिंदी भाषा बहुत ही सहज और सरल है। कार्यालय में अधिक से अधिक हिंदी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बढ़ते प्रौद्योगिकी के युग में ऐसे कई सॉफ्टवेयर और संसाधन है इसके प्रयोग से हम सभी हिंदी का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर सकते हैं। इन संसाधनों के प्रयोग से कार्यालय में हिंदी में काम करना आसान हो गया है। सेल भवनाथपुर- तुलसिदमार खदान के कार्मिक और प्रशासन विभाग के सहायक प्रबंधक बुलु दीगल ने हिंदी दिवस तथा राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत सभी कार्यक्रमों को सुचारु रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रमों के आयोजन में डीएवी पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल राजेंद्र सचदेवा, वरिष्ठ शिक्षक प्रवीण कुमार पांडे, बीबी साहू, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य ब्रजेश सिह, शिक्षिका विभा पांडे, आरती माहेश्वरी, कर्मचारी अमित गुप्ता, विनय सिंह, राजेश यादव, सुशील मिश्रा, मुकेश दुबे, संपूर्ण मिश्रा सुरेंद्र साह आदि उपस्थित थे।

**रोजगार का संकट** | **केतार से 50-60 मजदूर रोजाना जा रहे हैं बाहर**

# मनरेगा बेअसर! पलायन को मजबूर मजदूर

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



ग्रामीणों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) चला रही है। लेकिन यह योजना प्रखंड क्षेत्र में फेल नजर आ रही है। इसके कारण इलाके से मजदूरों का पलायन करना उनकी नियति बन गया है। प्रखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। बरसात के कारण मनरेगा से बड़ी योजनाएं संचालित नहीं हो रही हैं, जिससे बेरोजगारी बढ़ गई है। विदित हो कि मनरेगा के तहत ग्रामीणों को उनकी ग्राम पंचायत में ही 100 दिन रोजगार दिलाया जाना है, लेकिन अधिकांश मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

प्रखंड के परती कुशवानी, लोहरगाडा, परसोडीह, मुकुंदपुर, बलीगढ़, पाचाडुमर और केतार पंचायत से मजदूर प्रतिदिन टेंपो, बस से नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर पहुंच रहे हैं। वे काम की तलाश में दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, गुजरात, बैंगलोर जैसे बड़े शहरों में पलायन कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस वर्ष बारिश कम होने से खेती भी नहीं हो सकी है। इस कारण खेतों में मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में परिवार पालने के लिए शहरों में पलायन करना मजबूरी है। स्थिति यह है कि केतार बस स्टैंड, कोल मोड़ स्टैंड पर ग्रामीण क्षेत्र के 50-60 मजदूर प्रतिदिन काम की तलाश में बाहर जाते देखे जा रहे हैं। इस संबंध में बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि काम की मांग करने पर अकुशल मजदूरों को काम दिया जायेगा। पलायन रोकने के लिए अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह से तलाब, डोभा, मेड़बंदी योजनाएं स्वीकृत कर मजदूरों को काम उपलब्ध कराया जायेगा ताकि रोजगार से जोड़ कर पलायन कर रहे मजदूरों को रोका जा सके।

## खरौंधी मवि प्रधानाध्यापक राजनंदन राम को सेवानिवृत्ति पर किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह डीडीओ राजनंदन राम के सेवानिवृत्ति के पश्चात समारोह का आयोजन कर राम को शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक संघ के अध्यक्ष अमरेश राम ने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद शिक्षक समाज के लिए अधिक उपयोगी हैं। एकीकृत सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष इंदल पासवान ने कहा कि राम की कमी विद्यालय परिवार को हमेशा रहेगी। राम सेवानिवृत्त होने के बाद विद्यालय का संपूर्ण प्रभार वरीय शिक्षक अनिल तिवारी को दिया गया। तिवारी ने कहा कि पथ प्रदर्शक वरीय शिक्षक राजनंदन राम का सेवानिवृत्त होना विद्यालय के लिए सूर्य अस्त होने के समान है। राम ने कहा कि खरौंधी प्रखंड में लोगों का जो प्यार मिला है उससे मैं अभिभूत हूं। इसे जीवन भर नहीं भूलूंगा। मौके शिक्षक नीरज कुमार दुबे, मोतीचंद जायसवाल, कामेश्वर सिंह, गोविंद उरांव, जितेंद्र सिंह, सतेंद्र बैठा, राघवेंद्र विहारी, जितेंद्र शर्मा, शुभाष ठाकुर, शिवजी केशरी, मो जमालुद्दीन, जमालुद्दीन अंसारी, सोहराब अंसारी, सुनील ठाकुर, अरविंद साह, अरविंद प्रसाद, शिवपूजन यादव, राजाराम सिंह उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### टंडवा प्रखंड सभागार में स्थानांतरित बीडीओ रंथु महतो को दी गई विदाई



**टंडवा।** प्रखंड सभागार में शनिवार को बीडीओ रंथु महतो के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख रीना कुमारी व संचालन समन्वयक नेहाल वारसी ने की। इस दौरान तमाम वक्ताओं ने निवर्तमान पदोन्नत बीडीओ रंथु महतो के कार्यकाल की प्रशंसा की। वहीं बीडीओ महतो ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के तमाम लोगों के सहयोग, प्रेम व समर्पण भाव को वे सदैव दिलों में संजोये रखेंगे। वहीं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मियों ने गुलदस्ता व अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष समेत तमाम पंचायत प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

### समारोह में शिक्षक को दी गई विदाई



**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरैनी में शनिवार को शिक्षक सह पर्यावरण विंद डॉ. मनोज कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य वन संरक्षक सिद्धार्थ त्रिपाठी आदि ने की। विद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त शिक्षक को पेंटिंग व अन्य उपहार देकर भावपूर्ण विदाई दी। मौके पर प्रधानाध्यापक विकास सिंह, रामजीवन सिंह, विजय ठाकुर, पूर्व आरडीडी मिथलेश सिंह, पूर्व डीईओ लातेहार छठु विजय साहू, पूर्व शिक्षक देवशरण दांगी, बीईओ चौपारण राकेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, पूर्व जिप सदस्य राजेश सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिंह, पूर्व शिक्षक सह पर्यावरण विंद सुरेंद्र प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

### सीआरपीएफ ने निकाली कलश यात्रा

**कुंदा।** मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन कुंदा प्रखंड में सीआरपीएफ की ओर से किया गया। सहायक कमांडेंट चौधरी कलीम उल्ला के नेतृत्व में सिकीदाग पंचायत के मदारपुर, पिंजनी, खपिया, लुकुईया, बुटकुईया आदि गांवों में बड़े-बुजुर्ग, बच्चे व महिलाओं ने रैली निकाली। इसमें मुख्य रूप से सिकीदाग मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीआरपीएफ के एसआई रविन्द्र यादव, सुरेंद्र पासवान, शिवनन्द यादव, विनोद कुमार, आरके पांडेय, दिनेश शर्मा, सुमित रंजन आलोक, विष्णु प्रसाद एवं सीआरपीएफ ई 190 बटालियन के समस्त जवानों ने अहम भूमिका निभाई।

### स्वास्थ्य मेले में 50 की स्वास्थ्य जांच

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टर अनुप्रिया कुमारी व डॉक्टर सत्य प्रकाश मुख्य रूप से उपस्थित थे। स्वास्थ्य मेले में 50 वृद्धों के हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर आदि की जांच की गई। साथ हीं निशुल्क दवा भी दिया गया। जांच शिविर में फार्मासिस्ट अनिल कुमार, एएनएम विमला कुमार, जीएनएम रिंकू कुमारी, सहिया साथी सुचिता देवी, बिरेंद्र दांगी आदि उपस्थित थे।

### कार्यकारिणी बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में शनिवार को मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें वार्ड सदस्यों ने पंचायत में विकास की योजनाओं को लेकर कई प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान सदस्यों ने नली, पीसीसी सहित पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की।साथ हीं पंचायत में विकास योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उपमुखिया मंजू देवी सहित कई वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### ग्राम सभा में ग्राम वन समिति का गठन

**मनिका।** पंचायत सचिवालय के सभागार में ग्राम वन समिति के गठन के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मिथिलेश पासवान ने की। मनिका मुखिया सतेंद्र कुमार सिंह प्रवेक्षक सह पंचायत सचिव आत्मा सिंह ने ग्राम सभा के माध्यम से अध्यक्ष पद के लिए विशाल पासवान का नाम सर्व सहमति से पारित किया। सचिव पद के लिए पंकज यादव सहित 15 सदस्यीय कमेटी बनाई गई। कमेटी में अमरदीप पासवान, योगेंद्र यादव, कल्टू पासवान, रमेश यादव, रानी देवी, श्याम सुंदर पासवान, श्यामलाल पासवान, राजदेव सिंह यादव, संजय यादव, केश्वो यादव, लालू राम, बीरबल यादव, हरेंद्र यादव, देवलाल सिंह, मुनि राम सदस्य बनाए गए।

### सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टीम ने विद्यालय का लिया जायजा

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शॉर्ट सर्किट की घटना का डीसी ने लिया संज्ञान

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार दोपहर को घटित घटना का उपायुक्त हिमांशु मोहन ने संज्ञान लिया है। उपायुक्त के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग की टीम एवं विद्युत विभाग की टीम ने विद्यालय का जायजा लिया और व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। टीम ने बताया कि विद्यालय में बिजली वायरिंग, ट्रांसफार्मर को उपयुक्त जगह पर स्थानांतरित करने, लगभग एक वर्षों से खराब तड़ित चालक आदि कमी को सूचीबद्ध कर विभाग के वरीय अधिकारी को भेज दिया गया है। मौके पर जिला शिक्षा सहायक अभियंता रघुनंदन उरांव ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर से शॉर्ट सर्किट पेड़ की टहनियों का ट्रांसफार्मर से सटे होने के चलते हुआ है। ट्रांसफार्मर विद्यालय के सामने है, जो एक खतरा का विषय है। इसे विभाग को सूचित कर स्थानांतरित किया जाएगा ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके।

बता दें कि विद्यालय में 250 छात्राओं की व्यवस्था में 450 छात्राएं रहते हैं। छात्राओं को लिए एक भी वाहन की व्यवस्था नहीं है। मोबाइल नेटवर्क भी ठीक से नहीं रहता है, जिसकी व्यवस्था में सुधार करने के लिए विभाग को अवगत करने की बात कही गई है। मौके पर रघुनंदन उरांव जिला शिक्षा सहायक अभियंता लातेहार, निर्मला लता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रोज मिंस एपीओ लातेहार, विनोद उरांव जेई प्रखंड शिक्षा विभाग बालूमाथ, कृष्ण कुमार जेई बारियातु, अंकित कुमार विद्युत अभियंता लातेहार, शिखा कुमारी विद्यालय वार्डन आदि उपस्थित रहे।





#### क्या है मामला

बता दें कि छात्राएं कक्षा में अध्यनरत थी। इसी दौरान विद्यालय परिसर में लगे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हुई, जिससे विद्यालय में 11000 विद्युत धारा प्रवाहित होने लगी और उपकरण जलने लगे, बल्ब फूटने लगे। यहां तक कि वायरिंग तार भी जलने लगा। इससे थोड़ी देर के लिए छात्राओं के बीच अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान भाग-दौड़ में चार छात्राएं सपना कुमारी, रीमा कुमारी, सचिता कुमारी, चांदनी कुमारी को चोट आई। बालूमाथ में प्राथमिक उपचार के बाद एक छात्रा को लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां पर उपचार कर छात्र की स्थिति सामान्य देखते हुए डॉक्टर ने वापस विद्यालय भेज दिया।

#### सूझबूझ से बड़ी घटना टली

**यहां** बता दें कि जब शॉर्ट सर्किट से विद्यालय में आग लगने लगी, उपकरण जलने लगे तो छात्राओं में भगदड़ सी मच गई थी। इस दौरान कई छात्राएं गिरकर चोटिल हो गई। इस स्थिति में विद्यालय में मौजूद शिक्षक -वार्डन सभी छात्राओं को सुरक्षित खेल मैदान ले गए। इसी दौरान विद्युत विभाग एवं अस्पताल को फोन कर घटना की जानकारी दी गई। विद्युत विभाग ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद की, जिससे बड़ी घटना घटने से टल गई।

### हमारी सरकार ने राज्य को मजबूत किया : मंत्री भोक्ता



**बारियातु।** राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता शुक्रवार रात्रि लातेहार कार्यक्रम से चतरा लौटने के दौरान आरजेडी कार्यालय पहुंचे, जहा प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने विकास के क्षेत्र में झारखंड को बहुत मजबूत किया है। उन्होंने आगामी लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में महागठबंधन को मजबूत करने की अपील की। यादव ने मंत्री को आवेदन सौंप कर प्रखंड सह अंचल कर्मियों पर मनमानी करने सहित कई आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं साल्वे पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत ने भी बारिखाप स्थित जतरा टांड में भगवान कार्तिक उरांव की प्रतिमा व भवन निर्माण को लेकर आवेदन सौंपा। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, लाल आशिष नाथ शाहदेव आदि मौजूद थे।

## चोरी के सामान के साथ चार चोर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

शहर में दिन प्रतिदिन बढ़ती चोरी की घटनाओं पर नकेल कसते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सदर थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने विगत दो दिनों में घटित दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए चोरी के सामान के साथ चार चोरों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की बैट्री व एक स्टेबलाइजर भी बरामद किया है।

सदर थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अव्वल मोहल्ला पकरिया रोड निवासी अंजनी कुमार पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय व चूड़ीहार मोहल्ला निवासी बहामूल हक की ओर से लिखित शिकायत मिली थी कि उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई मनोज पाल, श्रीराम कुमार पंडित व एएसआई गौकरण कुमार आदि को शामिल किया गया था। टीम ने प्रोफेशनल तरीके से कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल रोहित कुमार, मोहम्मद आरिफ, सरदार और ऋतिक राणा नामक चार चोरों को धर दबोचा। साथ ही अंजनी कुमार पांडेय के एयरटेल टावर में लगे जनरेटर से चोरी की बैटरी और स्टेबलाइजर को भी बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार चोरों का क्रिमिनल रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। आए दिन ऐसी शिकायत मिल रही है कि युवा पीढ़ी नशे की जद में आकर छोटी-बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रही है। नशे के आगोश में आ चुके कम उम्र के बच्चे बंद पड़े घरों को निशाना बनाकर सामान की चोरी कर रहे हैं। चोरी का सामान बाजार में बेचकर नशे का इंतजाम किया जाता है। एसडीपीओ ने बताया गिरोह में शामिल अन्य चोरों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापामारी अभियान चला रही है।



### पारिवारिक विवाद में महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बौखला बागी निवासी सविता देवी ने अपने पति से झगड़ा कर गुस्से में जहर खा लिया है, जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे आनन फानन में परिजनों ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया। परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर सविता का अपने पति से झगड़ा हो गया था।

## थाना गेट के समीप चलाया गया हेलमेट जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को थाना के समीप पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार के नेतृत्व में दो पहिया वाहन चालकों के बीच हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट के यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिन्हें बाद में बगैर हेलमेट के वाहन न चलाने की चेतावनी देकर छोड़ा गया। हेलमेट चेकिंग अभियान के दौरान इंस्पेक्टर कुमार ने कहा कि क्षेत्र में आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। दुर्घटनाओ में कई लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं। जान गंवाने वालों में ज्यादातर वैसे लोग शामिल हैं जिन्होंने यात्रा के दौरान हेलमेट नहीं पहन रखा था। कुमार ने लोगो से हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है।

### महिला-बच्ची को लगा वज्रपात का झटका

**महुआडांड़।** प्रखंड के चटकपुर पंचायत के सरनाटोली में घर पर बैठी महिला फुलमती देवी पति रुपेश महली वज्रपात के झटके से बेहोश हो गई। ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लायाया। वज्रपात का झटका घर में खेल रही छह वर्षीय नंदनी को भी लगा, जो खतरे से बाहर है। सुबह 9 बजे वज्रपात होने से घर के बाहर बिजली के पोल तार से होते हुए आसमानी बिजली मीटर से होते पूरे घर में लगे बिजली तार में दौड़ गई, जिससे घर के कुछ हिस्सों में आग भी लग गई। हिंदू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल एवं भाजपा नेता जमुना प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं महिला से स्वास्थ्य के संबंध मे जानकारी ली तथा प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

### पेंशन के लिए 80 वर्षीय वृद्ध को 22 किमी दूर टांग कर ला रहे हैं परिजन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**



प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र मनातु ग्राम निवासी 80 वर्षीय वृद्ध महिला सुकरी को पेंशन योजना का पैसा निकालने के लिए शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रज्ञा केंद्र टांग कर 22 किलोमीटर दूर लाया गया। वृद्ध ने बताया कि मैं चलने से पूरी तरह असमर्थ हूं। मेरे गांव में पैसा निकासी के लिए न बैंक है और न ही कोई सुविधा है। हर तीन महीने पर बेटा और पूतोह पेंशन निकासी करने के लिए टांग कर लाते हैं, जिससे काफी कष्ट उठाना पड़ता है। सुकरी ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से गांव में सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

### आउटरीच कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्राधिकर की सचिव प्रज्ञा बाजपेई ने जिले के सभी 12 प्रखंडों में कार्यरत पीएलवी के साथ शनिवार को बैठक की। इसमें विशेष रूप से झालसा के 100 दीनी आउटरीच कार्यक्रम पर चर्चा की गई। बताया गया कि गांव-गांव जाकर लोगों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं की जानकारी दी जाए।



### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल

**मनिका।** थाना क्षेत्र के लूटेरवा बर के पास सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान परदेसी लोहार भैंसादोन बालूमाथ और अशोक लोहरा सोतम लातेहार के रूप में हुई है। वहीं घटना की सूचना पाकर शिक्षक सह समाजसेवी गोविंद पासवान और मनिका थाना पुलिस ने दोनों घायलों को मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां डॉक्टर उमेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई-निविदा सूचना संख्या :- RDD/SD/CHATRA/17/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल०ई०डी० स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन। | 3,82,08,300.00 | 7,65,000.00 | 10000.00 | 06 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –06.10.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –12.10.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 13.10.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 14.10.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई-निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 308048Rural Development(23-24)#D

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**
**जिला- लातेहार**

आम सूचना
इच्छा की अभिव्यक्ति

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न वार्डों में निर्मित नाली एवं सडक की सफाई कार्य एवं आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शहर की पूर्णतः साफ-सफाई हेतु अगले तीन माह के लिए नगर पंचायत, लातेहार में सफाई कर्मी के पद पर संविदा अधारित सेवा के तहत कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक अपना आवेदन नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में कार्य दिवस में जमा कर सकते है। जिसका विवरण निम्नवत है। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें। संविदा अधारित सफाई कर्मीयों से नगर निकाय क्षेत्र अन्तर्गत नाली, सडक, शौचालय, मृत जानवर का निश्तारण एवं विभिन्न स्थानों पर जमा कचरों की सफाई के साथ-साथ अन्य सफाई संबंधीत सभी प्रकार के कार्य कराये जायेगे।

1. आवेदन प्राप्ति की तिथि – 03.10.2023 से 11.10.2023 तक
2. आवेदन की स्क्रूटनी की तिथि – 12.10.2023
3. चयनित आवेदको के मेधा सूची का प्रकाशन – 13.10.2023

संविदा की नियम एवं शर्त–

1. नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में सफाई कर्मी के पद पर कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदको को आवेदन के साथ आधार, कार्ड, शैक्षणीक प्रमाण पत्र (जहाँ तक षिक्षा ग्रहण किये हो) बैंक पास बुक की छाया प्रति, संबंधित पद पर पूर्व में किये गये कार्य का प्रमाण पत्र यदि हो तो, दो अदद फोटो ग्राफ आवेदन के साथ समर्पित करना अनिवार्य होगा।
2. सफाई कर्मी का पद संविदा अधारित होगा। जिसे किसी भी समय समाप्त करते हुए एक माह पूर्व सूचना देकर कार्य से मुक्त कर दिया जायेगा। इस पद पर सरकारी सेवा हेतु कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही 60 वर्ष से अधीक उर्म वाले आवेदक के द्वारा श्रमीक के रूप में कार्य करने हेतु किया गया आवेदन अमान्य होगा।
3. नगर पंचायत, लातेहार में कुल 25 अदद सफाई कर्मीयों का चयन किया जायेगा एवं मानदेय के रूप में प्रतिमाह 8500.00 (आठ हजार पाँच सौ)रू० का भुगतान किया जायेगा। संविदा की अवधि तीन माह की होगी, किये गये कार्य के मुल्याकनं एवं आवश्यकतानुसार सेवा विस्तारीत की जा सकती है।
4. सफाई कर्मीयों का चयन नगर पंचायत, लातेहार द्वारा गठीत समिति के द्वारा किया जायेगा। चयनित कर्मीयों की मेधा सूची का प्रकाषन नगर पंचायत, लातेहार के सूचना पटट पर किया जायेगा, एवं बाद में अतिरिक्त कर्मीयों की आवश्यकता पडने पर तैयार किये गये मेधा सूची अनुसार कर्मीयों को संविदा पर रखा जायेगा।
5. न्यायालय से संबंधित वादों का निष्पादन लातेहार अवस्थित न्यायालयों में ही मान्य होगा।
6. उपरोक्त प्रकाषित किये गये सूचना को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षीत होगा। जिसे कही भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

प्रशासक
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.308033 Urban Development(23-24):D

### प्रदर्शन: मांगपत्र अंचल निरीक्षक को सौंपा, रांची महाजुटान की सफलता पर दिया जोर

# झारखंड आंदोलनकारियों ने निकाला जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से शनिवार को जुलूस सभा का आयोजन किया गया। पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर से जुलूस निकाला गया, जिसमें शामिल झारखंड आंदोलनकारी के सदस्य अपनी मांगों को लेकर विभिन्न नारा लिखे हुए तख्ती लिए हुई थे। जुलूस पुष्कर महतो, मुरलीधर प्रसाद, अली हसन अंसारी के नेतृत्व में नगर भ्रमण कर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गया। जुलूस में शामिल लोग झारखंड आंदोलनकारी के मान-सम्मान, पहचान, नियोजन एवं सम्मान राशि 50-50 हजार रुपया देने आदि के नारे लगा रहे थे। सभा में रांची में 12 अक्टूबर को आयोजित झारखंड आंदोलनकारियों के महाजुटान कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया गया।



सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों का झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को स्थापित करने में अहम योगदान रहा है। ऐसे में आंदोलनकारियों की अपनी पहचान को स्थापित करने के लिए आज एक संघर्ष और करना पड़ रहा है। यह विडंबना है, लेकिन हम लड़ेंगे और जीतेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपाध्यक्ष मुरलीधर प्रसाद ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी आज बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। राज्य सरकार आंदोलनकारियों को पहचान व सम्मान दे। सचिव अली हसन अंसारी ने कहा कि कल हमें झारखंड अलग राज्य के लिए संघर्ष करना पड़ा है और आज हमें अपने स्वाभिमान, सम्मान, राज्य की अस्मिता एवं अस्तित्व की रक्षा के लिए लड़ाई लड़नी पड़ रही है। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी अशफाक अंसारी, शंकर चौधरी, वीरेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार, कृष्णा साहू, राजू भाष्कर, अफताब आलम खान, नागेंद्र प्रसाद, जितेंद्र सिंह, कन्हैया सिंह, बृजमल सिंह, बिंदा देवी, अजीत कुमार, ललन यादव, मकसूद आलम, राकेश रंजन, उदय गुप्ता, हीरा नाथ राम, जुगेश्वर राम टोप्पो, रामजन्म राम, प्रेम लाल तिग्गा, सुनील चौधरी आदि उपस्थित थे। अंत में मुरलीधर प्रसाद, अली हसन अंसारी, राकेश रंजन आदि ने 20 सूत्री मांगपत्र बीडीओ राकेश सहाय की अनूपस्थिति में अंचल निरीक्षक रमेश कुमार को दिया।

## गागर में सागर

### मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मारी बाजी



**लोहरदगा।** खेलो झारखंड के तहत के खो-खो अंडर 14 बालक वर्ग में राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कैरो प्रखंड को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब प्रतिभागी बच्चे राज्य स्तर पर लोहरदगा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम ने प्रार्थना सभा में सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि राज्य स्तर पर मुकाबला और भी जोरदार होगा, जिसके लिए कठिन अभ्यास की आवश्यकता है। इस उपलब्धि पर कबड्डी संघ के राज्य उपाध्यक्ष मदन मोहन पांडे, जिला सचिव रामस्वरूप प्रसाद, प्रशिक्षक सतीश रंजन उरांव, खेल शिक्षक राहुल कुमार, अजय कुमार, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार, एसएमसी अध्यक्ष मीला लकड़ा, वार्ड पार्षद गीता देवी, माता समिति के सदस्य सुमन देवी, पुष्पा देवी तथा किरण देवी ने बच्चों को बधाइयां दी।

### किस्को में 3 तक मनेगा संकल्प सप्ताह

**लोहरदगा।** आंकाक्षी प्रखंड अंतर्गत चयनित प्रखंड किस्को में 3 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह मनाया जाएगा। इसमें कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी कड़ी के अंतर्गत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकांक्षी प्रखड कार्यक्रम पोर्टल और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम संकल्प सप्ताह का प्रमोशन भारत मंडपम, नई दिल्ली से किया गया। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिला परिषद सभागार में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उराव, आकांक्षी प्रखंड किस्को के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, सेन्हा की जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पेशरार की जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, कैरो के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, भंडरा की जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई

**लोहरदगा।** सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर सलगी में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा संकुल के कुल 10 विद्यालयों के 30 भैया-बहनों ने भाग लिया। प्रथम स्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी, द्वितीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर, तृतीय स्थान रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर पावरगंज लोहरदगा एवं चतुर्थ स्थान सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी विद्यालय को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में बहनों ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड बिंदेश्वर उरांव व विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे मौजूद रहे। मौके पर सलगी पंचायत मुखिया सुमित्रा कुमारी, निरीक्षक दीनबंधु सिंह, जगमोहन बड़ाइक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लाल उपेंद्र नाथ साहदेव, सचिव कृष्णा प्रजापति, प्रबंधन समिति के संरक्षक, कोषाध्यक्ष, सदस्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर साहू समेत 10 विद्यालयों के आचार्य आचार्या एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

### अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त, केस दर्ज

**लोहरदगा।** बालू के अवैध खनन और दोहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस व खनन विभाग ने अवैध बालू लोडेड एक महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त किया। अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को थाना रोड से मौके से दबोचा गया। ट्रैक्टर जब्त कर चालक को हिरासत में लिया गया। इस संदर्भ में जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। घटना सुबह लगभग 6:30 की है। मामले पर ट्रैक्टर मालिक और चालक के विरुद्ध सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### 15वीं ट्राइबल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत देहरादून भेजे गये 20 युवा



**लोहरदगा।** 158 बटालियन सीआरपीएफ तथा नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से लोहरदगा जिले के 20 बच्चे (10 लड़के और 10 लड़कियां) 15वें ट्राइबल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत देहरादून भेजे गए। इस दौरान 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार ने सभी को शुभकामनाएं दी। सभी बच्चों को वहां पर नई चीजें सीखने, समझने और भारत की संस्कृति से रूबरू होने के महत्व को समझाया। ये बच्चे 8 अक्टूबर तक देहरादून में अन्य राज्यों से आने वाले बच्चों से मिलेंगे तथा उनके रहन सहन, खान-पान तथा भाषा के बारे में जानेंगे। साथ ही भारत की विभिन्नता में एकता के महत्व को समझेंगे। सीआरपीएफ तथा नेहरू युवा केंद्र की इस पहल से इन सभी बच्चों में बेहद उत्साह दिखा।

### छत्तीसगढ़ में होगी विद्या भारती की 34वीं नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप

# नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए रवाना हुई टीम

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
छत्तीसगढ़ के चांपा में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित विद्या भारती की 34वीं नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा की टीम रवाना हुई। विद्या विकास समिति, झारखंड की ओर से ट्रैकसूट भेंट कर टीम को रवाना किया गया।



विद्या भारती के नगर क्षेत्र स्थित विद्यालयों के समिति उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद और प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने टीम को शुभकामनाएं दी। टीम में सुजल बाखला, पुनीत उरांव, हरीश उरांव, चरणजीत उरांव, निशित उरांव, रेहान फजल, जितेश उरांव, रोशन कुमार रवि, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत एवं अजीत भगत शामिल हैं। टीम मैनेजर आचार्य रितेश कुमार पाठक हैं। मौके पर विद्यालय की खेलकूद एवं शारीरिक प्रमुख यशोदा कुमारी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि बिहार के औरंगाबाद स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 एवं 6 अगस्त को आयोजित 34वीं क्षेत्रीय (बिहार, झारखंड) वॉलीबॉल प्रतियोगिता (तरुण बालक वर्ग अंडर-19) में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने राजकमल धनबाद को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया था।

# विवाद में घर में घुसकर किया तलवार से हमला

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
थाना क्षेत्र के ककरगढ़ गांव में एक युवक ने फूलचंद उरांव पर शुक्रवार की रात तलवार से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पूर्व मुखिया पति फूलचंद उरांव अपने घर में किसी से फोन पर बात कर रहे थे तभी गांव के बिफई उरांव का पुत्र रमेश उरांव (20) चहारदीवारी फांद कर घर में घुसा और तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल का रांची में इलाज चल रहा है और वह फिलहाल खतरे से बाहर है। इससे पहले घायल अवस्था में भी उसने हिम्मत नहीं हारी और हमलावर को पकड़ लिया, लेकिन उसने फिर से तलवार चलानी शुरू कर दी और भागने लगा। तभी मौके पर पहुंची फूलचंद की बेटी ने बहादुरी का परिचय देते हुए हमलावर को पकड़ लिया और रस्सी से बांध दिया, जिसे बाद में पुलिस को सौंप दिया गया। पिता की रक्षा में तलवार लिए हमलावर से भिड़ जाने वाली बेटी कीतारीफ हो रही है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को लोहरदगा जेल भेज दिया है।

### साहसी बेटी ने आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंपा

### मुख्यमंत्री को प्रेषित सात सूत्री मांगपत्र उपायुक्त को सौंपा

# दफादारों, चौकीदारों ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत कमेटी ने समाहरणालय मैदान में सात सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता राज्य संयुक्त सचिव समसुल अंसारी व मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष दुर्गा महली ने की। धरना के पश्चात मुख्यमंत्री को प्रेषित सात सूत्री मांगपत्र उपायुक्त को सौंपा गया। चौकीदारों की मांगों में मुख्य रूप से सेवा विमुक्त चौकीदारों को सेवा में योगदान देने हेतु सभी उपायुक्तों को आदेश देना, 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार, दफादार के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करना, सेवानिवृत्त चौकीदार, दफादार के आश्रितों की नियुक्ति करना, स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति का लाभ देना, वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष 10000 रुपये देना, एसीपी, एमएसीपी का लाभ देना प्रमुख है।



मौके पर राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि उपरोक्त सभी मांगों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तत्काल अध्यादेश जारी करें या झारखंड विधानसभा से विधेयक पारित कराएं ताकि झारखंड के चौकीदार, दफादार को न्याय मिल सके। सिंह ने कहा कि चौकीदारों, दफादारों के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति करने हेतु विज्ञापन निकलने पर तत्काल रोक लगाने और जिन जिलों में विज्ञापन निकल गया है उसको रद्द करने हेतु झारखंड के सभी उपायुक्तों को मुख्यमंत्री तत्काल आदेश दें। प्रदेश संयुक्त सचिव समसुल अंसारी ने बताया कि झारखंड राज्य दफादार, चौकीदार पंचायत द्वारा राजभवन जाकिर हुसैन पार्क के सामने रांची में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 23 नवंबर से शुरू किया जाएगा। प्रदेश कोषाध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि लोहरदगा जिले के जिन चौकीदारों को अभी तक एसीपी एमएसपी का लाभ नहीं मिला है उनको भी इसका लाभ उपायुक्त तत्काल दें। मौके पर निजावत अंसारी, राजू कुमार राम, अनिरुद्ध महली, स्यूब अंसारी, रवीर देवी, प्रतिमा देवी, बिना उरांव, शिबू कृष्णा महतो, सरयू यादव, अनिल कुजूर, अनिल कुजूर, शाहिद अंसारी, अनिल उरांव, सहायक खलखो, प्रकाश उरांव, रंगनाथ ठाकुर, विश्वनाथ लोहार, बाबूलाल लोहार, रामचंद्र खरवार, बालक साहू, सोमरा उरांव, महेंद्र महतो और महिपाल महली आदि शामिल थे।

# डॉक्टरों ने 800 मरीजों की जांच कर दी दवाई

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**





भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रांची आयुष्मान मंगलम मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल रांची लालगुटवा व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के चिकित्सकों द्वारा 800 मरीजों का निःशुल्क इलाज कर दवा का वितरण किया गया। इस दौरान रांची से पहुंचे हड्डी व नस रोग विशेषज्ञ डॉ. एस शंकर, नेत्र रोग डा. पायल चौधरी, डा. प्रभात कुमार, डा. गणेश कुमार, डा. शशांक त्यागी द्वारा लोगों का इलाज कर परामर्श दिया गया। इसके अलावा रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया गया। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आयुष्मान भारत के पांच वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा आयुष्मान भवः कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकार द्वारा संचालित सभी स्वास्थ्य सुविधओं की जानकारी दी जानी है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें निरोग रहने के लिए स्वच्छता का बखूबी पालन करना होगा। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित सुझाव दिए। मौके पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि प्रखंड में 33 यक्ष्मा मरीज हैं, जिनमें 13 यक्ष्मा मरीजों को गोद लिया गया। इसके पश्चात सभी यक्ष्मा मरीजों के बीच पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया। मौके पर डॉ, ह्रदय शंकर, डॉ. ओम कुमार सिंह, उमेश कुमार आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मेले में सैकड़ों मरीजों की हुई जांच

**कुडू।** आयुष्मान भवः के तहत शनिवार को सीएचसी कुडू में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ मेले में प्राभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो, डॉ अंजुलना आइन्द, डॉ निरुपमा, डॉ प्रेरणा श्रोत, डॉ अरविंद रजक, स्कूल हेल्थ के डॉ जीसी पांडे और सभी सीएचओ द्वारा दांत, आंख, टीबी, एनीमिया, सुगर, बीपी आदि विभिन्न प्रकार के करीब पांच सौ मरीजों की जांच की गई। सीएचसी प्राभारी डॉ होरो ने बताया कि इस मेले के आयोजन का उद्देश्य सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि समय रहते उनकी बीमारियों का पता चल सके, जिससे उनका वक़्त पर इलाज हो सके। मेले में प्रखंड के अलग - अलग गांव के यक्ष्मा से पीड़ित पांच मरीजों को संत चार्ल्स स्कूल जांगी द्वारा गोद लिया गया। मौके पर सिएचसी प्राभारी डॉ सुलामी द्वारा सिस्टर सुपीरियर सहित दो अन्य सिस्टर को बैच और निक्ष्य मित्र का प्रमाण पत्र सौपा गया।

### चंद्रवंशी महासभा की राष्ट्रीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक की तैयारी पूर्ण

**लोहरदगा।** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक लोहरदगा में आजादी के बाद पहली बार होना सौभाग्य और गर्व की बात है। राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बलदेव साहू, शिव प्रसाद साहू धर्मशाला में 1 अक्टूबर 11:30 बजे से होगी, जिसमें स्थानीय चंद्रवंशी समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, खेल इत्यादि में अच्छा प्रदर्शन करने एवं मैट्रिक, इंटर, स्नातक एवं अन्य उच्तर शिक्षा में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह आजाद, सरक्षक सुरेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह, डॉ. पिंटू सिंह, अधिवक्ता संघ के राष्ट्रीय परसु राम आदि लोहरदगा पधारेंगे। जिला के सभी चंद्रवंशी समाज के लोग कार्यक्रम में पधारेंगे और चंद्रवंशी एकता पर चर्चा करेंगे। भोजन उपरांत राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें विभिन्न मुद्दों के आलावा संगठन विस्तार और मजबूती संबंधी निर्णय लिए जायेंगे। संरक्षक सुरेश चंद्र वर्मा ने कहा कि लोहरदगा के पूर्व सचिव तथा राष्ट्रीय सचिव किशोर कुमार वर्मा और प्रदेश युवा अध्यक्ष निश्चय वर्मा, राजकुमार वर्मा, दुबराज वर्मा, कुणाल वर्मा, रितेश वर्मा, सूरज वर्मा, सुभम वर्मा, अमित वर्मा, अनूप वर्मा, नितिन वर्मा, मंटू वर्मा, राजा वर्मा, जितेंदर वर्मा, आनंद वर्मा, राजेश वर्मा, राहुल वर्मा, सावन वर्मा, अंकित वर्मा, लकी वर्मा घर घर जाकर संपर्क अभियान करके युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं। संरक्षक मुनिन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, सुरेंद्र वर्मा, अभय वर्मा, ज्योति वर्मा, दिलीप वर्मा, अरविंद वर्मा, लखन वर्मा, रामोतार वर्मा, लखन वर्मा से भी भाग लेने का आग्रह किया गया है।

# अवैध कब्जे वाले घर से लेकर होटल तक ढहाए



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
प्रखंड में लंबे अरसे के बाद शनिवार को एक बार फिर प्रशासन का बुलडोजर चला। इस दौरान अतिक्रमणकर्ताओं में भगदड़ मच गई। कुडू अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मौजा हेंजला थाना कुडू जिला लोहरदगा के द्वारा जितिया मेला स्थल की मापी से संबंधित आवेदन प्राप्त था। मापी के पश्चात शुरू की गई वाद की कार्रवाई के दौरान अंचल अमीन, कुडू के मापी प्रतिवेदन के आधार पर पाया गया था कि मौजा हेजला के खाता संख्या 200 प्लॉट संख्या 642, 643 रकबा क्रमशः 0.83 ए. एवं 0.18 ए. भूमि पर हेंजला गांव निवासी बबलु महतो पिता राम लाल महतो, अमरदीप तिवारी पिता श्यामसुन्दर तिवारी, अनिरुद्ध महतो पिता मुरारी महतो और राम कुमार साहू पिता राम सिंहासन साहु द्वारा अतिक्रमण कर अवैध रूप से मकान और होटल का निर्माण किया गया है। उक्त सभी अतिक्रमणकर्ताओं को कागजात प्रस्तुत करने हेतु कार्यालय के द्वारा नोटिस निर्गत किया गया। नोटिस के आलोक में बीते 16 फरवरी को सभी अतिक्रमणकर्ता अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित हुए, परंतु उनके द्वारा अपने पक्ष में किसी प्रकार का राजस्व दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रश्नगत बिहार भुदान यज्ञ समिति भूमि पर है। लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 की धारा के अंतर्गत है, जिसे लोक हित में हटाना अति आवश्यक है। अतिक्रमण हटाने हेतु अधिनियम की धारा 6 (1) (I) के अन्तर्गत अंतिम आदेश पारित करते हुये अतिक्रमण हटाया गया।

कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।
(cs.lohardaga2@gmail.com)
निजी अस्पताल/नर्सिंग होम आदि के निबन्धन हेतु आवश्यक सूचना

- Clinical Establishments (Registration & Regulation) Act 2010 के तहत् लोहरदगा जिलान्तर्गत संचालित सभी अस्पताल/क्लिनिक/आयुष क्लिनिक/नर्सिंग होम/पैथोलॉजी जाँच घर/एक्स–रे संस्थान आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है। एक्ट की धारा 11 के अंतर्गत कोई व्यक्ति/संस्थान बिना पंजीकृत के अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/पैथोलॉजी जाँच घर/एक्स–रे संस्थान का संचालित नही कर सकता है। अतएव लोहरदगा जिलान्तर्गत संचालित सभी चिकित्सीय प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि दिनाक 10.10.2023 तक अनिवार्य रूप से अपने संस्थान के पंजीकरण नवीकरण करवा ले। उसके पश्चात् गैर पंजीकृत एंव गैर नवीकृत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के विरूद्ध Clinical Establishmentt (Registration & Regulation) Act 2010 के सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी।
- अपंजीकृत निजी संस्थान के द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41(1) के तहत् आर्थिक दण्ड के निम्नवत् प्रावधान है।
  - प्रथम बार – 50000/–रू0 तक
  - द्वितीय बार – 200000/–रू0 तक
  - उत्तरवर्ती बार – 500000/–रू0 तक
- जिस संस्थान का नवीकरण होना है वे संस्थान का निबंधन निर्धारित अवधि समाप्त होने के एक महीना पूर्व सभी आवश्यक कागजात के साथ नवीकरण हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा विलम्ब शुल्क भुगतान करने के पश्चात् हेतु DRA Lohardaga के नाम से डिमांड ड्राफ्ट के रूप में कार्यालय को जमा करना होगा।
- वैसे संस्थान के प्रक्रिया बहाल रखनी होगी, अन्यथा संस्थान को Online अभ्यर्पण (Surrender) करते हुए स्वहस्ताक्षरित हार्ड कॉपी कार्यालय को समर्पित होगी।
- सभी अस्पताल /क्लिनिक /आयुष क्लिनिक/नर्सिंग होम /पैथोलॉजी जाँच घर/ एक्स–रे संस्थान आदि में पुछताछ केन्द्र के समीप चिकित्सक का नाम, उनकी योग्यता, मेडिकल कॉउंसिल रजिस्ट्रेशन एंव प्रदत सेवाओं के शुल्क का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित अनिवार्य है।

निबन्धन के लिए लॉगिन करें – www.clinicalestablishments.gov.in
नोटः सभी आम जनता/मरीजों से अनुरोध है कि अपना ईलाज पंजीकृत संस्थानों से ही करावें।

विश्वासभाजन
ह0/–
डॉ0 राज मोहन खलखो
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।
PR 308096 Lohardaga(23-24)D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

ई– निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 01/2023-24/EE/RWD/LATEHAR    दिनांक : 29.09.2023

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल नं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR1/2023-24 | (1) ग्राम हाटा राजनाथ लोहरा के घर से ओटीखेता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.000 कि0मी0)<br>(2) रजावार से कुई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 10.000 कि0मी0)<br>(3) भटको मंदिर से ओरंगा नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.150 कि0मी0)<br>(4) बिचलीदाग रोड से सुटाटांड भाया महुआटांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 1.200 कि0मी0) | 918.518 | रू0 नौ करोड़ अठारह लाख इक्यावन हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 07.10.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 16.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 17.10.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एंव अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, गामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एंव अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (17.10.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 18.10.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य से अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार
PR 308035REO(23-24)#D

### आयोजन — मोटर वाहन दुर्घटना व बीमा क्लेम को लेकर हुई कार्यशाला

# 'सड़क पर चलते समय सावधानी बहुत जरूरी'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार(डालसा) ने न्यायालय परिसर स्थित सभागार में मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा, डालसा के प्रभारी सचिव अर्चना कुमारी, ओरियंटल बीमा कंपनी के प्रबंधक शिव कुमार ने संयुक्त रूप से किया।





कार्यशाला में पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि सड़क पर सावधानी अति महत्वपूर्ण है। दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा का भी प्रावधान किया गया है। यदि क्लेमेंट ईमानदारी से मृतक या घायल की आर्थिक स्थिति को न्यायालय के समक्ष रखे तो पीड़ित पक्ष को जल्द से जल्द न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है।

उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों एवं पुलिस अधिकारियों को मोटर वाहन संसोधन अधिनियम 2022 के आलोक में मोटर वाहन दुर्घटना के पश्चात जल्द से जल्द अनुसंधान पूर्ण कर आरोप पत्र समर्पित करने का आह्वान किया। साथ ही दुर्घटना रिपोर्ट भी जल्द से जल्द मोटर वाहन ट्रिब्यूनल को देने का आह्वान किया ताकि पीड़ित को जल्दी से जल्दी मुआवजे की राशि दी जा सके। न्यायालय में दुर्घटना दावा के विभिन्न पहलुओं पर प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ने भी अपने विचार रखे। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने ऐसी कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर बल दिया तथा अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में विभिन्न थानों के 40 पुलिस अधिकारी, मोटर वाहन से जुड़े अधिवक्ता, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, सदर अस्पताल के प्रतिनिधि एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डालसा के प्रभारी सचिव अर्चना कुमारी ने किया। उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने पर बल दिया जिसके लिए सरकार प्रोत्साहन राशि भी दे रही है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

एक नजर इधर भी

## भारत कनाडा मामले में अमेरिकी रुख पर दुनियां की नजरें

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनियां में जी-20 शिखर सम्मेलन दिल्ली घोषणापत्र, कुछ भारतीय नेतृत्व, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बढ़ता जनसमर्थन, हर क्षेत्र में चौमुखी विकास सहित अनेक मुद्दों पर भारत की दस्तक महसूस की जा रही है, जिससे भारत की बॉस और ऑटोग्राफ की उपाधि सिद्ध होते जा रही है। बड़े बुजुर्गों का कहना है कि घी गोदड़ी में छुपाकर खाना चाहिए वरना ज्वेलेसी रूपी नाग से भिड़ंत होते हुए कमजोर होने और सफलता फिसल जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हम अनेक क्षेत्रों चाहे वह व्यापार व्यवसाय तकनीकी प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में देखते हैं कि आपसी ज्वेलेसी के चलते कंपटीशन, टांग खींचना जैसे कृत्य शुरू हो जाते हैं। वैसे अगर हम इस परिपेक्ष में वर्तमान नये भारत, दबंग प्रतिष्ठित बुलंद भारत को देखें तो स्वाभाविक है, सफलता में उन देशों को मजा ना आता हो और सामने होकर यारी दिलदारी और पीछे टांग खींचने की बारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि आज हर देश अपना ओहदा उच्चपद रुतबा खोना नहीं चाहता इसके लिए यदि वह सामने से कुछ नहीं कर सकता तो, पर्दे के पीछे कुछ संभावनाएं बढ़ जाती है। परंतु सच तो सामने आकर ही रहता है, अगर भारत सच्चा है तो हमारे में कहावत है सचु त बीठो नचु यानें अगर हम सच्चे हैं तो भरे बाजार में लोगों के बीच अपनी सच्चाई का सबूत देकर खुशी से नाच सकते हैं। आज यह विषय हम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि भारत के रिश्ते अब तक पड़ोसी और विस्तारवादी देश से तल्खी में थे, परंतु विगत कुछ दिनों से कनाडा के साथ तल्खी चल रही है। इसलिए अब इस एंगल से सोचना जरूरी है, क्योंकि यह स्थिति जानबूझकर उठाई गई है या स्वाभाविक है इसे देखने की जरूरत है, क्योंकि कनाडा फाइव आइस, जी7 का सदस्य है, तो अमेरिका हमारा अत्यंत करीबी दोस्त है, जिसके लिए परीक्षा की घड़ी है कि इस मुद्दे को मिलकर सुलझाने की चेष्टा करें, क्योंकि भारत पश्चिमी देशों का सदस्य नहीं है परंतु पश्चिम से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। परंतु दबी जबान से यह बात सामने आ रही है कि 28 सितंबर 2023 को वॉशिंगटन डीसी में भारत अमेरिका विदेश मंत्रियों की बैठक में अमेरिका ने इस मुद्देको उठाया है, जिसे बाहरी तौर पर साफ इनकार किया जा रहा है ,परंतु मोंटसेंशियल में कनाडा पीएम द्वारा भारत की तारीफ और अमेरिका द्वारा विदेश मंत्रियों की बैठक में मुद्दा उठाने की गारंटी वाली बात कह कर इसपर बल दिया हैऔर रणनीति कूटनीति की बू रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कनाडा प्रकरण में अमेरिका की भूमिका, भारत को बेहद सतर्क रहने को रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम 28 सितंबर 2023 को वॉशिंगटन डीसी में भारत अमेरिका विदेश मंत्रियों की बैठक की करें, तो, संभावना जताई जा रही है कि, अमेरिका के विदेश मंत्री ने गुरुवार को समकश के साथ मीटिंग के वक्त निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाया। रॉयटर्स के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की। अधिकारी ने बताया- उन्होंने भारत सरकार से मामले की जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। की दूसरी तरफ,दोनों देशों के विदेश मंत्रियों में से किसी ने भी प्रेसवार्ता में मुलाकात का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया। हालांकि एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया की इस दौरान कनाडा के पीएम के लगाये आरोपों का मामला विदेशमंत्री ने सामने रखा। मीडिया में रिपोर्ट के अनुसार, नाम न बताए जाने की शर्त पर अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ब्लिंकन ने भारत को कनाडाई जांच में सहयोग करने का आश्वासन दिया है। वहीं विदेश विभाग के प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ लगातार बातचीत और उनसे सहयोग करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि इससे पहले विदेश मंत्री ने बीते दिनोंकनाडा के आरोपों पर सबूत देने की बात कही थी। उन्होंने कनाडाई पीएम के आरोपों पर कहा था कि अगर आपके पास विशिष्ट जानकारी है, अगर आपके पास कुछ प्रासंगिक है, तो हमें बताएं। हम इसे देखने को तैयार हैं।


■ किशन भावनी गोंदिया

# 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' : कचरा मुक्त भारत के लिए जनांदोलन

***भारत*** विविध सभ्यताओं का देश है। संस्कृति, परंपरा, धर्म और भाषा में विविधता के बावजूद विषम परिस्थितियों में भी एकजुट रहना ही हमारी पहचान है। एकता और जन-भागीदारी की यह ताकत आज हमारे देश के विकास को गति दे रही है। सामूहिक ईच्छा शक्ति से किसी क्षेत्र में किस तरह बदलाव लाया जा सकता है, हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया विश्व का सबसे बड़ा व्यवहार परिवर्तन अभियान स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया कैंपेन) इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को पाने और स्थायी व सतत विकास को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (SBM-G) एक जनांदोलन बनकर उभरा है। यह अभियान स्वच्छता के लिए मात्र तत्कालिक उपायों को अपनाने तक ही सीमित नहीं है वरन यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान तलाशते हुए देश के सामने दीर्घकालीन दृष्टिकोण की नींव रखता है। और यह सकारात्मक परिणाम सरकार के सभी सम्बन्धित विभागों के उचित समन्वय और संयुक्त प्रयासों से संभव हो पाया है। हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणा के अकूत स्त्रोत प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच को प्रदर्शित करने वाले इस अभियान के उद्देश्यों को गति देने और उसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए हमारी पूरी टीम नियमित तौर पर राज्यों जिलों और गांवों को सम्बल प्रदान करने के लिए आवश्यक विभागीय यात्रायें कर रही है। उच्च स्तरीय समीक्षाओं के माध्यम से इस मिशन को सफल बनाने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए की जा रही मेहनत और संकल्प का नतीजा है कि SBM-G 2.0 के तहत देश के 4.4 लाख से अधिक गांवों ने स्वयं को ODF Plus घोषित किया हैं। इसके अतिरिक्त 11.25 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों और 2.36 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन जैसी शानदार पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्वच्छता ही सेवा (SHS) अभियान है। यह मिशन के प्रति जन-भागीदारी को सुनिश्चित करने के साथ इसे जनांदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम सभी विगत वर्षों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता और उसके परिणाम देख चुके हैं। SHS– 2022 के दौरान लगभग 10 करोड़ लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में स्वेच्छा से भाग लिया। इस बार उत्साहवर्धक बात यह है कि इस वर्ष पखवाड़ा में अभी तक करीब 9 करोड़ लोगों ने श्रमदान कार्यक्रमों में भागीदारी दिखाई हैं । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इस वर्ष महज 12 दिनों में ही 20 करोड़ से अधिक लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की है, अर्थात औसतन प्रतिदिन करीब 1.67 करोड़ लोग इस अभियान का अंग बने हैं। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस विशाल जन-भागीदारी के कारण ही हमने इस वर्ष एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाया। लोगों के संकल्प का सुफल है कि ODF Plus गांवों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। देश में अब ऐसे ODF Plus गांवों की संख्या 7% से बढ़कर 75% हो गई है। स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत इस वर्ष मेरे साथ मंत्रिमंडल में मेरे अनुभवी सहयोगियों केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री गरिराज सिंह और केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने की। प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस वर्ष 15 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच इस अभियान को चलाया जा रहा है। इसका समापन एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटा राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता श्रमदान के साथ होगा। इस वर्ष यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण और शहरी के संयुक्त तत्वावधान में पेयजल और स्वच्छता विभाग व शहरी और आवास मामलों का मंत्रालय संयुक्त पहल के रूप में चला रहा है। मेरी स्पष्ट मान्यता हैं कि स्वच्छता ही सेवा कोई साधरण अभियान नहीं है। यह देश के सभी नागरिकों से स्वैच्छिक गतिविधियों के माध्यम से श्रमदान करने का आह्वान है। इसका उद्देश्य साझा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना और स्वच्छता को लेकर सामूहिक दायित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस वर्ष यह अभियान 'कचरा मुक्त भारत' के संकल्प से जुड़ा है। हमारा उद्देश्य इस बात पर जोर देना है कि स्वच्छता हमारा सामूहिक दायित्व है और यह हम सबके दैनिक जीवन का अहम भाग होना चाहिए। आज जब हम स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता पर विचार कर रहे हैं, तो हमारे लिए इस असाधारण प्रयास के सभी पहलुओं की गहराई से अध्ययन करना भी बेहद जरूरी है। अभियान के दौरान विजिबल क्लीनलिनेस अर्थात दृश्यगत स्वच्छता पर जोर देने के साथ ही इससे जुड़े समाज के गुमनाम नायकों, सफाई मित्रों, स्वच्छाग्रहियों, जल सहियाओं, आदि के कल्याण पर भी ध्यान दिया गया है। समाज में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका की स्वीकृति के साथ और उनके उत्थान के लिए कार्य करना भी इस अभियान का सराहनीय पहलू है। ये वही लोग हैं जो हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लगनशीलता से कार्य कर रहे हैं। SHS– 2023 सार्वजनिक क्षेत्रों के कायाकल्प के उद्देश्य से गतिविधियों की एक प्रभावशाली श्रृंखला के रूप में है। इसमें सार्वजनिक स्थानों की सफाई से लेकर स्वच्छता से जुड़े सभी उपकरणों का नवीनीकरण शामिल है। यह अभियान नदी तटों, जल निकायों, पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों की सफाई, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिहाज से पेयजल और स्वच्छता विभाग व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के बीच सहयोगात्मक गठबंधन एक बेहतरीन मंच तैयार करता है।

**एकता और जन-भागीदारी की यह ताकत आज हमारे देश के विकास को गति दे रही है। सामूहिक ईच्छा शक्ति से किसी क्षेत्र में किस तरह बदलाव लाया जा सकता है, हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया विश्व का सबसे बड़ा व्यवहार परिवर्तन अभियान स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया कैंपेन) इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।**

इन दिनों



गजेन्द्र सिंह शेखावत

# पर्यावरण संरक्षण-संवर्द्धन का आनंद है ग्वालियर का 'अल्मोड़ा'

***उत्तराखंड*** के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अल्मोड़ा के बारे में आप सबने सुना होगा। अल्मोड़ा अपने सुरम्य वातावरण के साथ ही साहसिक गतिविधियों के लिए पर्यटकों को आमंत्रित करता है। अल्मोड़ा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है। यह तो हुई हिमालय की गोद में बसे विश्व प्रसिद्ध अल्मोड़ा की बात। यदि मैं आपसे कहूं कि ग्वालियर में भी एक अल्मोड़ा है, तो आप हैरान रह जायेंगे। जी हां, ग्वालियर में भी सुरम्य वातावरण और ऊंची-नीची पहाड़ियों की गोद में 'अल्मोड़ा' मुस्कुरा रहा है। आमखो से सटी विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) की पहाड़ियों पर पर्यावरण प्रेमियों ने निरंतर पौधरोपण करके सूखी पहाड़ियों का नाना प्रकार के वृक्षों से श्रृंगार कर दिया है। यहां कुछ हिस्सों में तो सघन वन विकसित हो गये हैं। ऐसे ही एक हिस्से को पर्यावरण प्रेमी डॉ. नरेश त्यागी ने विकसित किया और उसे नाम दिया है-अल्मोड़ा। यदि आप ट्रैकिंग के शौकीन हैं और प्रकृति की गोद में आनंद आता है, तब यह स्थान अवश्य ही आपके हृदय को प्रसन्नता से भर देगा। 'अल्मोड़ा' के सृजक डॉ. त्यागी को मालूम है कि मुझे जंगल में घुमक्कड़ी खूब भाती है। इसलिए लंबे समय से उनका आग्रह भी था कि 'कभी अल्मोड़ा के लिए समय निकालूं'। अपने ग्वालियर प्रवास के दौरान 28 अगस्त को सामाजिक कार्यकर्ता निरूपम नेवासकर, कमल किशोर शर्मा और ललित के साथ हम त्यागी जी के घर 'पारिजात निकेतन' पर धमक पड़े। उनका घर अल्मोड़ा से ही सटा है और उस क्षेत्र में पारिजात के कई वृक्ष हैं। घर के नामकरण की कहानी आपको ध्यान आ गई होगी। हमने यहीं से अल्मोड़ा में प्रवेश किया। पहले चरण में हमने आसपास ही थोड़ा भ्रमण किया। पूरे क्षेत्र की मोटा-माटी जानकारी ली। डॉ. त्यागी जब यहां रहने आये थे, तब बड़े वृक्ष गिनती के थे। कॉलोनी के 'सफाई पसंद लोग' भी अपने घरों का कचरा यहां फेंका करते थे। धीरे-धीरे त्यागी जी ने पड़ोसियों के सहयोग से यहां का वातावरण बदलना शुरू किया। वे निजी विद्यालय में हिन्दी के व्याख्याता हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित कार्यकर्ता भी हैं। विद्यालय से आने के बाद थोड़ा समय उन्होंने पौधों को देना शुरू किया। अवकाश के दिन सुबह ही अल्मोड़ा को अपने पसीने से सींचने पहुंच जाते। प्रतिवर्ष दक्खिनी बबूल, कटीला, मकोई आदि के झाड़ उगते थे लेकिन बकरी चरानेवाले और लकड़ी के लिए वृक्षों को नुकसान पहुंचाने वाले, इन झाड़ों को भी बढ़ने नहीं देते थे। जब उन्हें पेड़-पौधों को नुकसान पहुँचाने से रोकने का प्रयत्न किया जाता, तब वे विरोध में खड़े हो जाते। डॉ. त्यागी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों का साथ लेकर इस चुनौती का समाधान किया। इस कार्य में समाजसेवी रमाकांत महते, सुरेन्द्र यादव, नवनीत शर्मा, कर्नल साहब डॉ. आरएस भदौरिया, बीएम बोहरे, महिपाल सिंह भदौरिया, डॉ. नीरज शर्मा, राजपाल सिंह, शिवरतन सिंह चौहान, केपी सिंह भदौरिया, डॉ. दीपक यादव, हरिशंकर त्यागी, दिनेश शर्मा और पुलिस प्रशासन का उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ। यहां यह भी उल्लेख करना आवश्यक होगा कि पौधों के लालन-पालन में त्यागी जी की धर्मपत्नी कांती त्यागी और पुत्र हिमांशु का सहयोग भी रहा है। मुखिया की अनुपस्थिति में अकसर परिजन ही रोपे गये पौधों की देखभाल करते। उन्हें पानी देते। उनकी बागड़ को व्यवस्थित करते। सबके प्रयासों से कुछ ही वर्षों में यहां नीम, कचनार, कनेर, आम, जामुन, कदम, पीपल, पाकर, बाँस, बरगद, खैर, आँवला, मीठा नीम, कटहल, नींबू सहित कई प्रकार के वृक्ष लहलहाने लगे। कभी बबूल के पेड़ों को देख-देखकर उदास बैठा अल्मोड़ा आज भांति-भांति के वृक्षों से सुशोभित होकर उल्लासित हो उठा है। कभी मंद तो कभी तीव्र हवा के प्रवाह से बांस, पीपल, जामुन की पत्तियां आपस में टकराकर मधुर संगीत की सुर-लहरियां कानों तक पहुंचा रही थीं। जब हम अरण्य के संगीत का आनंद ले रहे थे तभी हमारे आनंद में और अधिक वृद्धि करनेवाला स्वर 'पारिजात निकेतन' से सुनाई दिया-'चाय तैयार हो गई है, ले जाइये'। आज प्रकृति के सान्निध्य में 'चाय पे चर्चा' का कार्यक्रम था। चाय पर चर्चा के दौरान ही डॉ. नरेश त्यागी और कमल किशोर शर्मा जी ने बताया कि अल्मोड़ा की तरह ही, इससे सटी दूसरी पहाड़ी पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र से सेवानिवृत्त दिनेश मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी ने 'आनंद वन' विकसित किया है। अपने बेटे के असमय निधन से दुखी मिश्रा दंपति ने पौधों को अपना पुत्र मानकर, उनके पालन-पोषण को ही अपने जीवन का व्रत बना लिया।

**अल्मोड़ा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है। यह तो हुई हिमालय की गोद में बसे विश्व प्रसिद्ध अल्मोड़ा की बात। यदि मैं आपसे कहूं कि ग्वालियर में भी एक अल्मोड़ा है, तो आप हैरान रह जायेंगे। जी हां, ग्वालियर में भी सुरम्य वातावरण और ऊंची-नीची पहाड़ियों की गोद में 'अल्मोड़ा' मुस्कुरा रहा है।**

■ लोकेन्द्र सिंह

है न विचित्र बात !

## शोभना समर्थ : परदे की पहली लोकप्रिय सीता

***आज*** की पीढ़ी सीता के रूप में रामानंद सागर द्वारा निर्मित और निर्देशित रामायण धारावाहिक की सीता यानी दीपिका चिखलिया की छवि को याद करती है। जबकि चालीस के दशक में सीता का मतलब शोभना समर्थ हुआ करता था। शोभना समर्थ यानी नूतन और तनूजा की मां। वो चालीस के दशक की एक लोकप्रिय नायिका थीं। राम (प्रेम अदीब) के साथ उनकी जोड़ी कुछ ऐसी हिट हुई थी कि घर-घर में राम-सीता के फोटो के रूप में इन दोनों के फोटो लगाये जाते थे और बकायदा पूजा की जाती थी। शोभना समर्थ का मूल नाम शोभना शिलोत्री था और उनका जन्म 17 नवंबर 1916 को बंबई (अब मुंबई) के अमीर बैंकर परिवार में हुआ था। वह अपने परिवार में इकलौती थीं और छोटी उम्र से ही मराठी रंगमंच से जुड़ गईं थीं। पिता की मृत्यु के बाद उनके मामा जयंत यानी नलिन जयवंत के पिता ने शोभना को सहारा दिया। कुमार सेन समर्थ जो कि एक सिनेमाटोग्राफर थे के साथ शादी के बाद वे शोभना समर्थ कहलाईं। विवाह के बाद ही उनके फिल्मी करियर की शुरूआत हुई। उनकी पहली फिल्म थी बिलासी ईश्वर उर्फ निगाह ए नफरत (1935) । इसके बाद कोल्हापुर सिनेटोन के बैनर के साथ उन्होंने कुछ फिल्में की जिनमें उनके नायक मोतीलाल थे। दो दीवाने (1936) फिल्म के बाद उनकी बड़ी बेटी नूतन का जन्म हुआ। इस कारण उन्होंने कुछ समय फिल्मों से रिश्ता तोड़ लिया। वापसी के बाद कई सफल फिल्मों में काम किया। उन्हें पहली बार लोकप्रियता प्रकाश पिक्चर्स की फिल्म भरत मिलाप (1942) से मिली। विजय भट्ट द्वारा निर्देशित यह फिल्म रामायण के भरत मिलाप कांड पर केंद्रित थी। उनकी अगली फिल्म रामराज्य भी बेहद सफल रही और उनकी सीता की छवि घर-घर में बेहद लोकप्रिय हो गई। रामराज्य अभी भी सबसे अधिक सफल पौराणिक फिल्म मानी जाती है। इसके बाद तो उन्होंने प्रकाश पिक्चर्स की रामबाण, राम विवाह, रामायण आदि में प्रेम अदीब के साथ सीता का अभिनय किया और अपार लोकप्रियता पाई । शोभना समर्थ ने अपनी सीता वाली छवि को तोड़ने की कोशिश में पृथ्वीराज के साथ फिल्म नल दमयंती की और किशोर साहू के साथ वीर कुणाल । वीर कुणाल में हीरोइन होते हुए भी उनका चरित्र ग्रे शेड्स लिए हुए था। इस चरित्र में उनके अभिनय की तारीफ तो बहुत हुई , लेकिन यह फिल्म बहुत ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुई। धार्मिक और पौराणिक फिल्मों का निर्माण 1950 में कम होने लगा तो शोभना समर्थ ने अपनी दोनों बेटियों नूतन और तनूजा का करियर बनाने पर ध्यान देना शुरू किया। नूतन को फिल्म हमारी बेटी से लांच किया और तनुजा के लिए फिल्म छबीली बनाई। मोतीलाल के साथ उनका प्रेम का रिश्ता जीवन भर बना रहा और फिल्मी पत्र पत्रिकाओं में इसे लगातार सुर्खियां मिलती रहीं। नौ फरवरी 2000 को शोभना समर्थ हमारे बीच नहीं रहीं।

**चलते-चलते :** वीर कुणाल फिल्म में शोभना समर्थ ने सम्राट अशोक की पत्नी तिष्यरक्षिता का रोल निभाया था जो अपने सौतेले पुत्र कुणाल से प्रेम करने लगती है। उसकी आंखों की सुंदरता पर आशक्त वह उसे पाना चाहती है और अस्वीकार होने पर वह कुणाल को बंदी बनाकर उसकी आंखें निकलवा देती है। पहले शोभना समर्थ अपनी सीता वाली छवि के चलते यह फिल्म करने से मना कर रही थीं लेकिन किशोर साहू द्वारा यह समझाने पर कि उन्हें पहली बार अभिनय करने का सार्थक मौका मिलेगा वे तैयार हो गईं। किशोर साहू ने उन्हें पारिश्रमिक के रूप में उस समय की लोकप्रिय और सबसे ज्यादा पैसे लेने वाली अभिनेत्री शांता आप्टे के मुकाबले 10,000 रुपये ज्यादा दिए थे। सम्राट अशोक की भूमिका के लिए उन्होंने कंजई आंखों वाले और दमदार आवाज के मालिक चंद्रमोहन को चुना था।

■ अजय कुमार शर्मा

# वृद्धावस्था को सजा नहीं, रचनात्मक मजा बनायें

***अंतरराष्ट्रीय*** वृद्ध दिवस जिसे बुजुर्ग दिवस, वरिष्ठ नागरिक दिवस, प्रौढ़ दिवस अथवा वृद्धजन दिवस भी कहा जाता है, प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस अपने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करने, उनके वार्धक्य को सुखद बनाने एवं उनके सम्बन्ध में चिंतन करने के लिये मनाया जाता है। आज का वृद्ध समाज अत्यधिक कुंठाग्रस्त एवं उपेक्षित है और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व ही देता है। इस प्रकार अपने को समाज में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण हमारा वृद्ध समाज सर्वाधिक उपेक्षित, दुःखी, प्रताड़ित रहता है। वृद्ध समाज को इस दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरुरत है। इस दिशा में ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए 14 दिसम्बर, 1990 को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया और 1 अक्टूबर, 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसके बाद से इसे हर साल इसी दिन मनाया जाता है। प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/ वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचायें, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। इसीलिए तो मनुस्मृति में कहा गया है कि-'जब मनुष्य यह देखे कि उसके शरीर की त्वचा शिथिल या ढीली पड़ गई है, बाल पक गये हैं, पुत्र के भी पुत्र हो गये हैं, तब उसे सांसारिक सुखों को छोड़कर वन का आश्रय ले लेना चाहिए, क्योंकि वहीं वह अपने को मोक्ष-प्राप्ति के लिए तैयार कर सकता है।' संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्त्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे ग्रह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है।' फिर वृद्धजन क्यों स्वयं को इतना खाली, एकांकी एवं उदासीन बनाये हुए हैं? वृद्धावस्था में खालीपन एक बड़ी समस्या है। कहावत भी है कि खालीपन सजा भी है और मजा भी है। यह वृद्धावस्था को प्राप्त लोगों पर ही निर्भर है कि वे खालीपन में मजा ले रहे हैं, आनन्द ले रहे हैं या उसे सजा बना रहे हैं। एकान्त या खालीपन विडम्बना ही नहीं है, बल्कि एक दुर्लभ उपलब्धि है। एकांत का बहुत गहरा आध्यात्मिक महत्व है, वर्तमान युग में हर एक को एकान्त मिलना मुश्किल है। उम्र प्राप्त लोगों को एकान्त या खालीपन अधिक सुलभ है तो वह उसका रचनात्मक, सृजनात्मक एवं आध्यात्मिक उपयोग कर उसे अपना साथी बनाये। गार्डन में जो वृद्ध जाते हैं, आसन-प्राणायाम-योग करते हैं, वे शांत-एकान्त वातावरण में बैठकर अपने अनुभवों का लेखन भी कर सकते हैं, वृद्धों के पास अनुभवों का खजाना होता है। कई वृद्ध अस्पताल में जाकर अपनी सेवाएं दे सकते हैं। धर्म की जड़ पाताल में और पाप की जड़ अस्पताल में, यह साक्षात अनुभव कर अपने वृद्धावस्था को उपयोगी बनाया जा सकता है। विश्व में इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने बुजुर्गों के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है? हकीकत तो यह है कि वर्तमान पीढ़ी अपने आप में इतनी मस्त-व्यस्त है कि उसे वृद्धों की ओर ध्यान केन्द्रित करने की फुरसत ही नहीं है। आज परिवार के वृद्धों से कोई वार्तालाप करना, उनकी भावनाओं की कद्र करना, उनकी सुनना, कोई पसन्द ही नहीं करता है। जब वे उच्छृखल, उन्मुक्त, स्वछंद, आधुनिक व प्रगतिशील युवाओं को दिशा-निर्देशित करते हैं, टोकते हैं तो प्रत्युत्तर में उन्हें अवमानना, लताड़ और कटु शब्द भी सुनने पड़ जाते हैं। इन्हीं त्रासद स्थितियों को देखते हुए डिजरायली ने कहा था कि यौवन एक भूल है, पूर्ण मनुष्यत्व एक संघर्ष और वार्धक्य एक पश्चात्ताप।' कटू सत्य है कि वृद्धावस्था जीवन का अनिवार्य सत्य है। जो आज युवा है, वह कल बूढ़ा भी होगा ही, लेकिन समस्या की शुरूआत तब होती है, जब युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को उपेक्षा की निगाह से देखने लगती है और उन्हें अपने बुढ़ापे और अकेलेपन से लड़ने के लिए असहाय छोड़ देती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। इसीलिये सिसरो ने कामना करते हुए कहा था कि जैसे मैं वृद्धावस्था के कुछ गुणों को अपने अन्दर समाविष्ट रखने वाला युवक को चाहता हूं, उतनी ही प्रसन्नता मुझे युवाकाल के गुणों से युक्त वृद्ध को देखकर भी होती है, जो इस नियम का पालन करता है, शरीर से भले वृद्ध हो जाय, किन्तु दिमाग से कभी वृद्ध नहीं हो सकता।' वृद्ध लोगों के लिये यह जरूरी है कि वे वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति की जरूरत है। अपेक्षा इस बात की भी है कि वृद्ध भी स्वयं को आत्म-सम्मान दें। जेम्स गारफील्ड ने वृद्धों से अपेक्षा की है कि यदि वृद्धावस्था की झुरियां पड़ती है तो उन्हें हृदय पर मत पड़पे दो। कभी भी आत्मा को वृद्ध मत होने हो।' एक आदर्श एवं संतुलित समाज व्यवस्था के लिये अपेक्षित है कि वृद्धों के प्रति स्वस्थ व सकारात्मक भाव व दृष्टिकोण रखे और उन्हें वेदना, कष्ट व संताप से सुरक्षित रखने हेतु सार्थक पहल करें। वास्तव में भारतीय संस्कृति तो बुजुर्गों को सदैव सिर-आँखों पर बिठाने और सम्मानित करने की सीख देती आई है।

**वृद्ध समाज को इस दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरुरत है। इस दिशा में ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए 14 दिसम्बर, 1990 को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया और 1 अक्टूबर, 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसके बाद से इसे हर साल इसी दिन मनाया जाता है। प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई?**

■ ललित गर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट। - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**गांधी जयंती तीन राष्ट्रीय त्योहारों में से एक है। देश को ब्रिटिश राज से मुक्त कराने के लिए किए गए अथक प्रयासों के कारण महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता के रूप में जाना जाता है। राष्ट्रपिता के जन्मदिन को मनाने के लिए हर साल 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। वह एक खूबसूरत दिल वाले महान व्यक्ति और एक मजबूत स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने कई बाधाओं का सामना किया था, लेकिन फिर भी अहिंसक आंदोलन के बाद देश को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने में कामयाब रहे। गाँधी जी ने अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कहते हैं गांधी जी एक साधारण से दिखने वाले असाधारण व्यक्ति थे। जिन्होंने अपने अहिंसावादी सोच और सिद्धांतों से पूरे देश की सत्ता बदल दी थी। जिनके कहने पर पूरा का पूरा देश उसका अनुसरण करता था। ऐसे ही महात्मा की आज यानि की 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जाती है। गांधी जी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। लोग उन्हें बापू के नाम से भी जानते हैं साथ ही उन्हें महात्मा और राष्ट्रपिता का दर्जा भी प्राप्त है।**

# भगवदगीता को हमेशा साथ रखते थे गांधी जी

गांधी जी वैसे तो हर धर्म को सामान मानते थे किन्तु उनपर जैन धर्म का विशेष प्रभाव पड़ा। जैन धर्म में अहिंसा को सर्वोपरि रखा गया है इसी अवधारणा के परिणामस्वरूप गांधी जी ने अपने सत्याग्रह में अहिंसा को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। गांधी जी भगवदगीता को हमेशा साथ रखते थे और इसका अपने जीवन में अनुसरण करते थे। भगवान को सत्य का स्वरूप मानते थे और अहिंसा को उस सत्य स्वरुप भगवान को पाने का मार्ग। गांधी जी को कवि नरसी मेहता की यह रचना अति प्रिय थी। भारत को स्वतंत्र कराने में कई क्रांतिकारियों की अहम भूमिका रही है। गांधी जी ने अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अंग्रेजों द्वारा नमक पर भी टैक्स लगाने के विरोध गांधी जी करते हुए अहमदाबाद से दांडी तक यात्रा की। ये यात्रा लगभग 400 किलोमीटर की थी जिसे उन्होंने नियम तोड़ते हुए नमक बनाकर पूरा किया। इस आंदोलन को काफी सफलता मिली और विभिन्न देशों की मीडिया ने इसे काफी महत्त्व दिया था। जिन्होंने आगे चलकर भारत को अंग्रेजों की 200 सालों की लम्बी गुलामी से आजादी दिलाई थी। महात्मा गांधी, जिन्होंने राष्ट्रपिता या राष्ट्रपिता की उपाधी दी है, उन्हें बापू के नाम से भी पुकारा जाता है। वे शांति और अहिंसा के महान अनुयायी थे। उन्हें भारत के लिए स्वतंत्रता संग्राम के नेता के रूप में माना जाता है और उनकी सादगी और सिद्धांत अनुयायी के लिए उनकी




बहुत सराहना की जाती है। इसलिए, उनके जन्मदिन पर, 2 अक्टूबर, गांधी जयंती को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाया जाता है और लोग उनके उपदेशों और सिद्धांतों को याद करने में अपना योगदान देते हैं। सबसे बड़ी बात तो ये है की गांधी जयंती सिर्फ भारत देश में ही नहीं बल्कि कई देशों में भी मनाई जाती है। जिसका उद्देश्य महात्मा गांधी के दर्शन, उनकी अहिंसा और शांति की शिक्षाओं का प्रसार करना है। महात्मा गांधी के विचारों ने न सिर्फ हमारे देश का मार्गदर्शन किया बल्कि पूरे विश्व को भी अहिंसा की राह दिखाई। गांधी केवल युवाओं के लिए ही प्रेरणास्त्रोत नहीं बल्कि नेताओं के लिए भी प्रेरणा देने का कार्य करते हैं। दुनिया भर के बड़े नेता जैसे मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला, जेम्स लॉसन आदि महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित हुए थे।

गांधी जी ने अपने विचारों और अपने जीवन को शब्दों के माध्यम से उकेरा और किताबें लिखीं। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे छुआछूत और लिंग भेद के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई। गांधी चाहते थे कि भारत में एक समाज का निर्माण हो जहां सभी लोग बराबर हो और किसी के बीच मतभेद न हो। आज हम आजाद भारत में रह रहे हैं। तो इस देश के नागरिक होने से हमारी ये जिम्मेदारी बनती है की हम बापू और अन्य स्वतंत्र सेनानियों को उनके सपनो का भारत बनाकर दें। सामाजिक एकता बनाये रखें और जाति- धर्म पर बांटने की बजाए एकजुट होकर रहे। सिर्फ देश में प्रेम और सौहार्द बना रहेगा बल्कि देश का विकास भी होगा।

❖ वेद प्रकाश

# महात्मा गांधी ने देश की सेवा के लिए अथक प्रयास किया

यह उस महान शख्सियत के जन्मदिन की याद में हर साल महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को मनाया जाता है। वह एक खूबसूरत दिल वाले महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए अथक प्रयास किये। गांधी जी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था। लोग उन्हें बापू के नाम से भी जानते हैं। गांधी की मां पुतली बाई अत्यधिक धार्मिक थीं। उनकी दिनचर्या घर और मंदिर में बंटी हुई थी। वह नियमित रूप से उपवास रखती थीं और परिवार में किसी के बीमार पड़ने पर उसकी सेवा सुश्रुषा में दिन-रात एक कर देती थीं। मोहनदास का लालन-पालन वैष्णव मत में रमे परिवार में हुआ और उन पर कठिन नीतियों वाले जैन धर्म का गहरा प्रभाव पड़ा। जिसके मुख्य सिद्धांत, अहिंसा एवं विश्व की सभी वस्तुओं को शाश्वत मानना है। इस प्रकार, उन्होंने स्वाभाविक रूप से अहिंसा, शाकाहार, आत्मशुद्धि के लिए उपवास और विभिन्न पंथों को मानने वालों के बीच परस्पर सहिष्णुता को अपनाया। मोहनदास एक औसत विद्यार्थी थे, हालांकि उन्होंने यदा-कदा पुरस्कार और छात्रवृत्तियां भी जीतीं। वह पढ़ाई व खेल, दोनों में ही तेज नहीं थे। बीमार पिता की सेवा करना, घरेलू कामों में मां का हाथ बंटाना और समय मिलने पर दूर तक अकेले सैर पर निकलना, उन्हें पसंद था। उन्हीं के शब्दों में, बड़ों की आज्ञा का पालन करना सीखा, उनमें मीनमेख निकालना नहीं। उनकी किशोरावस्था उनकी आयु-वर्ग के अधिकांश बच्चों से अधिक हलचल भरी नहीं थी। ऐसी नादानी के बाद वह स्वयं वादा करते फिर कभी ऐसा नहीं करूंगा। अपने वादे पर अटल रहते। उन्होंने सच्चाई और बलिदान के प्रतीक प्रह्लाद और हरिश्चंद्र जैसे पौराणिक हिन्दू नायकों को सजीव आदर्श के रूप में अपनाया। सत्य और अहिंसा में प्रबल विश्वास रखते हैं और उन्होंने सत्याग्रह पथ के माध्यम से देश को स्वतंत्रता की ओर अग्रसर किया है। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के लोगों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था और उनके विनम्र आचरण और मानवीय व्यवहार के कारण उन्हें राष्ट्रपिता माना जाता था। गांधी जयंती स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारत की सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं को याद करने का एक उत्सव का अवसर भी है। यह दिन देश को ब्रिटिश राज से आजाद कराने के गांधी जी के प्रयासों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। इन्होंने आजादी के लिए निःस्वार्थ भाव से काम किया। वह सत्य और अहिंसा में विश्वास करते थे और सत्याग्रह के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलायी। जिन्होंने न केवल भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी बल्कि हमें आजादी भी दिलाई। कहते हैं गांधी जी एक साधारण से दिखने वाले असाधारण व्यक्ति थे। जिन्होंने अपने अहिंसावादी सोच और सिद्धांतों से पूरे देश की सत्ता बदल दी थी। जिनके कहने पर पूरा का पूरा देश उसका अनुसरण करता था।

❖ गुड्डू कुमार

# 2 अक्टूबर को पूरा देश गांधी जयंती मनायेगा


महात्मा गांधी जी अहिंसा के पुजारी थे। सत्य की राह में चलते हुए अहिंसात्मक रूप से स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए उनके द्वारा किये गए कार्य पद्धतियों को उन्होंने सत्याग्रह नाम दिया था। उनके द्वारा सत्याग्रह का अर्थ अन्याय, शोषण, भेदभाव, अत्याचार के खिलाफ शांत तरीकों से बिना किसी हिंसा के अपने हक के लिए लड़ना था। अंग्रेजी सरकार के द्वारा आए दिन नए-नए कानून बनाये जाते थे। सरकार की अस्पष्ट नीतियों तथा बेलगाम कर, आर्थिक संकट, महामारी के दौरान अंग्रेजी सरकार ने इन सभी परिस्थितियों में रोलेट एक्ट जो की अंग्रेजी सरकार द्वारा कानून पास किया गया था। जिसे कला कानून भी कहा गया था। इस रोलेट एक्ट के विरुद्ध जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किये जाने लगे एक्ट के देश में हड़तालें हुई। एक्ट के विरोध के जालियावाला बाग में एक सभा आयोजित की गयी थी। जनरल डायर ने सभा को रोकने के लिए अंधाधुन्द गोलियों का शिकार सभा में उपस्थित लोगों को बनाना। बड़ी संख्या में इस सभा में बच्चे से लेकर बूढ़े लोग उपस्थित थे। जिनको जनरल डायर की गोलियों का शिकार बनाया गया। इस घटना से पूरा देश आग बबुला हो गया। गांधी जी इस घटना से काफी विचलित हुए। अपनी कड़ी मेहनत के साथ उस समय, वह कांग्रेस के अध्यक्ष बने। उन्होंने न केवल भारत की स्वतंत्रता के लिए काम किया है, बल्कि उन्होंने कई तरह की सामाजिक बुराइयों जैसे अस्पृश्यता, जातिवाद, महिला अधीनता, आदि के लिए भी लड़ाई लड़ी और गरीबों और जरूरतमंदों की मदद भी की। गांधी जयंती, बापू और उनके महान कार्यों को याद करने के लिए पूरे भारत में स्कूलों और कॉलेजों, सरकारी अधिकारियों आदि के छात्रों और शिक्षकों द्वारा कई अभिनव तरीकों से मनाई जाती है। इस दिन सभी सरकारी कार्यालय व शैक्षणिक संस्थाओ की छुट्टी रहती है। राज घाट बापू का दाह संस्कार स्थल है, जिसे माला और फूलों से सजाया गया है। समाधि पर गुलदस्ते और फूल चढ़ाकर इस महान नेता को श्रद्धांजलि दी जाती है। भारत के राष्ट्रीय नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए व सम्मान की पेशकश करते हुए लोग अपने पसंदीदा भक्ति गीत...

**रघुपति राघव राजाराम**
**पतित पावन सीताराम॥**
**सुंदर विग्रह मेघश्याम**
**गंगा तुलसी शालग्राम॥**
**रघुपति राघव राजाराम**
**पतित पावन सीताराम॥**
**भद्रगिरीश्वर सीताराम**
**भगत-जनप्रिय सीताराम॥**
**रघुपति राघव राजाराम**
**पतित पावन सीताराम॥**
**जानकीरमणा सीताराम**
**जयजय राघव सीताराम॥**
**रघुपति राघव राजाराम**
**पतित पावन सीताराम॥**
**रघुपति राघव राजाराम**
**पतित पावन सीताराम॥**

❖ ओपी

# महापुरुषों में से एक महात्मा गांधी

गांधी जयंती सिर्फ भारत देश में ही नहीं बल्कि कई देशों में भी मनाई जाती है। 2 अक्टूबर के दिन को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रुप में घोषित किया गया। आज देश विदेश में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे की हम जानते हैं कि उनके अहिंसा के सिद्धांतों को पूरे दुनिया ने सराहा और उसे मान्यता दी। महात्मा गांधी के इन उच्च विचारों ने न सिर्फ हमारे देश का मार्गदर्शन किया बल्कि पूरे विश्व को भी अहिंसा की राह दिखाई। जिस प्रकार उन्होंने अपने देश को अहिंसा के साथ आजादी दिलाई वो अपने आप में एक मिसाल है। महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी के साथ सत्य की राह में चलते हुए अहिंसात्मक रूप से स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए उनके द्वारा किये गए कार्य पद्धतियों को उन्होंने सत्याग्रह नाम दिया था। उनके द्वारा सत्याग्रह का अर्थ अन्याय, शोषण, भेदभाव, अत्याचार के खिलाफ शांत तरीकों से बिना किसी हिंसा के अपने हक के लिए लड़ना था। गांधी जी द्वारा चम्पारण और बारदोली सत्याग्रह किये गए जिसका उद्देश्य अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार और अन्यायपूर्ण रवैये के खिलाफ लड़ना था। कई बार इन सत्याग्रह के दौरान महात्मा गांधी जी को जेल जाना पड़ा था। अपने सत्याग्रह में गांधी जी ने असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, दांडी मार्च, भारत छोड़ो आंदोलन का समय-समय पर प्रयोग किया। गांधीजी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की प्राप्ति हेतु अपने अहिंसक विरोध के सिद्धांत के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। महात्मा गांधी के पूर्व भी शांति और अहिंसा की के बारे में लोग जानते थे। परंतु उन्होंने जिस प्रकार सत्याग्रह, शांति व अहिंसा के रास्तों पर चलते हुए अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया, उसका कोई दूसरा उदाहरण विश्व



इतिहास में देखने को नहीं मिलता। बल्कि उन्होंने देशभक्ति की अलख जगाई बल्कि पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का पाठ भी पढ़ाया। गांधी जी और उनके विचारों को याद करने के लिए पूरी दुनिया में 2 अक्टूबर को 'गांधी जयंती' मनाई जाती है। अहिंसा परमो धर्मः के सिद्धांत को नींव बनाकर, विभिन्न आंदोलनों के माध्यम से महात्मा गांधी ने देश को गुलामी के जंजीर से आजाद कराया। महात्मा गांधी की सिर्फ स्वराज्य प्राप्ति में ही नहीं बल्कि समाज से 'छूत-अछूत' जैसी सामाजिक बुराई को हटाने में भी बड़ी भूमिका रही। इन्होंने देश के लिए ऐसे आदर्श कार्य किए हैं, जिन्हें हर भारतवासी सदा याद रखेगा। कई महापुरुषों ने हमारी आजादी की लड़ाई में अपना तन-मन-धन और परिवार सब कुछ अर्पण कर दिया था, ऐसे ही महापुरुषों में से एक थे महात्मा गांधी। महात्मा गांधी युग पुरुष थे, जिनके प्रति पूरा विश्व आदर की भावना रखता था।

❖ सुरेंद्र कुमार

# गांधी जी के विचार से हम सभी का मार्गदर्शन हो रहा

महात्मागांधी जी में बचपन से ही पनपने लगे थे। वह अपने माता-पिता के सबसे छोटी संतान थे, उनके 2 भाई और 1 बहन थी। गांधी जी को प्यार से बापू कहते थे। गांधी जी एक साधारण व्यक्तित्व के थे। औसत विद्यार्थी के रूप में इनकी शिक्षा अल्फ्रेड हाई स्कूल से हुई थी। विद्यार्थी जीवन में इन्होने यदा कदा पुरस्कार भी जीते। पढ़ाई में तेज नहीं थे किन्तु वे घरेलु काम और माता-पिता की सेवा में ही मन लगाया करते थे। गांधी जी सच्चाई के प्रतिक राजा हरिश्चंद को अपना आदर्श मानते थे। मात्र 13 वर्ष की उम्र में इनका विवाह पोरबंदर के एक व्यापारी की बालिका से करा दिया गया। गुजरती इनकी मातृ भाषा थी। साधारण जीवन उच्च विचार वाले बापू जी ने अंग्रेजी हुकूमत से अंतिम सांस तक अहिंसा की राह में चलते हुए संघर्ष किया। भारत छोड़ो आंदोलन, असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन में हर तबके के लोगों को अपने साथ जोड़कर भारत को आजादी दिलाने में गांधी जी ने अहम योगदान दिया है। दक्षिण अफ्रीका में लगभग 21 वर्षों तक रहने के बाद गांधी जी भारत में हो रहे अंग्रेजी हुकूमत की दमनकारी नीतियों के खिलाफ स्वतंत्रता दिलाने हेतु भारतीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल कृष्ण गोखले के आमंत्रण पर वर्ष 1915 में महात्मा गांधी जी अपने देश भारत आये। भारतवासियों द्वारा उनका बढ़-चढ़ कर स्वागत किया गया। जनता द्वारा उन्हें महात्मा से सम्बोधित किया जाने लगा। स्वतन्त्रता संग्राम की रूप रेखा तैयार करने के लिए गांधी जी द्वारा देश के गांव-गांव का जाएजा लेने लगे। गांधी जी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। राजनीतिक और सामाजिक प्रगति की प्राप्ति हेतु अपने अहिंसक विरोध के सिद्धांत के लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। महात्मा गांधी के पूर्व भी शांति और अहिंसा के बारे में लोग जानते थे, परंतु उन्होंने जिस प्रकार सत्याग्रह, शांति व अहिंसा के रास्तों पर चलते हुए अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उसका कोई दूसरा उदाहरण विश्व इतिहास में देखने को नहीं मिलता। बल्कि उन्होंने देशभक्ति की अलख जगाई बल्कि पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का पाठ भी पढ़ाया। समाज में फैले कुरूतियों को दूर करने भेदभाव को समाप्त करने, छुआछूत को दूर करने, अहिंसा और सत्य की राह में समाज को चलना सिखाया। उनके अनेक महान कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्रपिता से सम्बोधित किया जाता है। अनेक अत्याचारों के खिलाफ अहिंसा के मार्ग में चलते हुए उन्होंने भारत को आजादी दिलाने में अपनी भूमिका निभाई। स्वतंत्र भारत का जन्म हुआ ही था की 30 जनवरी 1948 को गांधी जी के शिष्य नाथूराम गोडसे ने गांधी जी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। लेकिन आज भी गांधी जी के विचार से हम सभी का मार्गदर्शन हो रहा है।

❖ गुड्डू सिंह

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष राशि** : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**मिथुन राशि** : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क राशि** : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह राशि** : अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**कन्या राशि** : बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**तुला राशि** : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि** : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**धनु राशि** : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे।

**मकर राशि** : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**कुंभ राशि** : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

**मीन राशि** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

## गागर में सागर

### आईसीसी ने की वनडे विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी वनडे विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा की। पैनल में शेन वॉटसन, लिसा स्टालेकर, रमीज राजा, रवि शास्त्री, एरोन फिंच, सुनील गावस्कर और मैथ्यू हेडन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इनके अलावा नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, इयान बिशप, वकार यूनिस, शॉन पोलक, अंजुम चोपड़ा और माइकल एथर्टन सहित अधिक अंतरराष्ट्रीय आइकन और पूर्व कप्तान भी कमेंट्री बॉक्स से एक्शन को लाइव सुनाएंगे। इनके अलावा साइमन डूल, मपुमेलेलो मबांगवा, संजय मांजरेकर, केटी मार्टिन, दिनेश कार्तिक, डर्क नैनेस, सैमुअल बद्री, अतहर अली खान, रसेल अर्नोल्ड, हर्षा भोगले, केस नायडू, मार्क निकोलस, नताली जर्मनोस, मार्क हॉवर्ड और इयान वार्ड शामिल हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत होगी। भारत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। टूर्नामेंट का समापन 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल के साथ होगा।

### आईओसी ने पहली बार क्लाइमेट एक्शन अवॉड्र्स विजेताओं की घोषणा की

**जिनेवा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने के प्रयासों के लिए एथलीटों, अंतर्राष्ट्रीय महासंघों (आईएफ) और राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को सम्मानित करते हुए पहले क्लाइमेट एक्शन अवाड्र्स के विजेताओं की घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईओसी ने तीन अवॉर्ड कैटेगिरीज सस्टेनेबल ट्रेवल, इनोवेशन और एथलीट एडवोकेसी को सेट किया और पूरे ओलंपिक आंदोलन से 70 से अधिक आवेदन प्राप्त किए। इनोवेशन अवॉर्ड एथलीट कैटेगिरी में पेरू के नाविक पालोमा शिमट, आईएफ कैटेगिरी में वर्ल्ड रग्बी और एनओसी कैटेगिरी में कोलंबियाई ओलंपिक कमेटी को प्रदान किया गया। एथलीट एडवोकेसी अवार्ड अमेरिकी धावक बेन ब्लेंकशिप को जाता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में लोगों और समुदायों को सक्रिय रूप से शामिल करने वाले एथलीटों के प्रयासों को पुरस्कृत करने का लक्ष्य है। आईओसी क्लाइमेट एक्शन अवाड्र्स नवंबर 2022 में लॉन्च किए गए थे।

### कोहली को असाधारण क्षेत्ररक्षण कौशल के लिए जोंटी रोड्स से प्रशंसा मिली

**बेंगलुरु।** स्टार भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को उनके गोताखोरी कौशल के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व उस्ताद जोंटी रोड्स से प्रशंसा मिली। विराट कोहली ने गेंद पकड़ते हुए अपनी तस्वीर ट्वीट की और लिखा, सोचिए यह निश्चित रूप से सौ प्रतिशत स्कोर है। आप लोग क्या सोचते हैं? भारतीय क्रिकेटर की तकनीक ने जोंटी को वास्तव में प्रभावित किया, जो मैदान पर अपने उल्लेखनीय क्षेत्ररक्षण कौशल के लिए जाने जाते थे। दक्षिण अफ्रीकी ने जवाब दिया, बहुत अच्छा, विराट! मेरे लिए भी यह सब एक डाइव के साथ शुरू हुआ। कुछ विशेष यादें ताजा हो रही हैं। आशा है कि आप इस साल कुछ बनाएंगे। हालांकि हमारे खिलाफ नहीं। विराट को अपने जवाब के हिस्से के रूप में, जोंटी ने वर्ष 1992 के एक ऐतिहासिक मैच से अपनी गोताखोरी वाली छवि भी पोस्ट की। कोहली हाल ही में अच्छी फॉर्म में हैं और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट टीम के साथ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के अखिरी मैच में महत्वपूर्ण पारी खेली और आगामी टूर्नामेंट में कई रन बनाने की कोशिश करेंगे।



### ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप के दोनों वर्गों में ओड़िशा की टीम चैंपियन

**रांची।** राजधानी रांची में आयोजित ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओड़िसा की टीम महिला और पुरुष दोनो वर्गों में हॉकी झारखंड को पराजित कर चैम्पियन बनी। वहीं हॉकी मणिपुर ने दोनों वर्गों में हॉकी बिहार को पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया। खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक सुशांत गौरव ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। मौके पर अन्य लोगों के अलावा झारखड़ ओलंपिक संघ के महासचिव मधुकांत पाठक, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, शशिकांत प्रसाद, रजनीस कुमार कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कोरिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए तैयार है भारतीय महिला हॉकी टीम

**एजेंसी। हांगझू**

19वें एशियाई खेलों में अपने पहले दो मैचों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम को अपने तीसरे मैच में इस बार कोरियाई पक्ष के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अपने पहले दो मैचों में प्रभावशाली जीत के साथ, भारत अपनी जीत की लय बरकरार रखना चाहेगा, जबकि कोरिया टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखने के लिए उत्सुक है। भारत ने अपने शुरूआती मैच में सिंगापुर के खिलाफ 13-0 की शानदार जीत के साथ अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया, इसके बाद शुक्रवार को मलेशिया पर 6-0 की शानदार जीत दर्ज की। दूसरी ओर, कोरिया भी शानदार फॉर्म में है, उसने सिंगापुर के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की है और अपने पिछले मैचों में हांगकांग को 7-0 से हराया। जब आमने-सामने की भिड़ंत की बात आती है, तो दोनों पक्षों के बीच खेले गए 19 मैचों में 11 जीत के साथ कोरिया का पलड़ा भारी है। भारत ने छह जीत हासिल की हैं, और दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यह इतिहास आगामी मुकाबले में एक दिलचस्प आयाम जोड़ता है, जिसमें भारत अपने कोरियाई समकक्षों के खिलाफ अपने रिकॉर्ड में सुधार करने के लिए उत्सुक है। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने आगामी चुनौती पर कहा, कोरिया का सामना करना हमेशा कठिन होता है, और इतिहास बताता है कि उनका पलड़ा भारी रहा है। हालांकि, अब हम एक अलग टीम हैं, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से भरे हुई हैं। हम मैदान पर अपना सब कुछ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार हैं। हमारा लक्ष्य अपनी सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलना और जीत हासिल करना है। भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, टीम इस मैच की तैयारी के लिए अथक प्रयास कर रही है। हम कोरिया की क्षमताओं का सम्मान करते हैं, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं पर भी भरोसा है। पहले के खेलों में हमारी जीत ने हमारा मनोबल बढ़ाया है, और हम इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए तैयार हैं। यह एक रोमांचक मैच होने वाला है और हमारा लक्ष्य कड़ी टक्कर देना है। भारत वर्तमान में ग्रुप ए में दो मैचों में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है और दूसरे स्थान पर मौजूद कोरिया से बेहतर गोल अंतर है, जिसने दो मैचों में छह अंक अर्जित किए हैं।



## वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच में धमकी मामला

# नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की सुरक्षा के लिए विभिन्न एजेंसियां अलर्ट

### गुजरात पुलिस केन्द्रीय एजेंसियों के साथ करेगी काम

### जांच में एनआईए, रॉ और सेंट्रल आईबी साथ आएंगी



**एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच के दौरान खालिस्तानी आतंकियों की धमकी को लेकर राज्य की पुलिस के साथ केन्द्रीय एजेंसी अलर्ट है। खालिस्तानी आतंकी ने ऑडिया क्लिप वायरल कर स्टेडियम में खालिस्तानी झंडा फहराने की धमकी दी है। मामले की गंभीरता को लेकर गुजरात पुलिस ने केन्द्रीय एजेंसियों से मदद मांगी है। इसके बाद अब केन्द्र की विभिन्न जांच एजेंसी एनआईए, रॉ और सेंट्रल आईबी मिलकर मामले की जांच करेगी। इस मामले में अहमदाबाद साइबर क्राइम के साथ देश की टॉप जांच एजेंसी मिलकर काम करेगी। अहमदाबाद साइबर क्राइम ने खालिस्तानी समर्थक पन्नू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस केस में अब देश की टॉप जांच एजेंसी एनआईए, रॉ, सेंट्रल आईबी शामिल हो गई है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अहमदाबाद साइबर क्राइम के डीसीपी अजीत राजियाण ने मीडिया को बताया कि साइबर क्राइम के साथ अब सेंट्रल की जांच एजेंसियां जुड़ कर काम करेगी। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से जारी ऑडियो क्लिप में कहा गया है कि क्रिकेट वर्ल्ड कप नहीं, बल्कि 5 अक्टूबर से टेरर वर्ल्ड कप शुरू होगा। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम स्टेडियम में मैच के दिन महज खालिस्तान का झंडा ही देखने को मिलेगा। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लिया जाएगा। पन्नू की ऑडियो उसके समर्थकों ने अलग-अलग आईडी से वायरल की है। यह दावा भी किया गया है कि यह ऑडियो पन्नू ने खुद जारी किया है। आगामी 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप क्रिकेट के पहले मैच में खालिस्तानी आतंकी संगठन की घमकी पर अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच को लेकर धमकी दी है। क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरूआत आगामी 4 अक्टूबर को होगी। पहले दिन अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी होगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला मैच खेला जाएगा।

## भारत ने टेनिस मिश्रित युगल स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक



**एजेंसी। हांगझोउ**

भारतीय टेनिस जोड़ी रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने शनिवार को हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में टेनिस मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता। रोहन-रुतुजा की जोड़ी को मैच के शुरूआती सेट में संघर्ष करना पड़ा और चीनी ताइपे के एन-शुओ लियांग और त्सुंग-हाओ हुआंग के खिलाफ पहला सेट 6-2 से हार गई। भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की और बाद में खेल में अपना दबदबा बनाते हुए अपने विरोधियों को सीधे दो सेटों में 3-6 और 4-10 से हरा दिया। भारतीय जोड़ी ने मैच 2-6, 6-3,10-4 से जीता। यह मैच लगभग एक घंटे से अधिक समय तक चला लेकिन भारत ने स्वर्ण पदक जीतने में कोई गलती नहीं की। इससे पहले मिश्रित युगल सेमी फाइनल में, 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने चीनी ताइपे के यू-हसिउ सू और हाओ-चिंग चांग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को चीनी ताइपे को 6-1, 3-6, 10-4 से हराकर एशियाई खेल 2023 में भारत के लिए पदक पक्का कर लिया। टेनिस प्रतियोगिताएं 24 सितंबर को शुरू हुईं और शनिवार को मिश्रित युगल फाइनल में बोपन्ना-भोसले के स्वर्ण पदक जीतने के साथ समाप्त हुईं। भारतीय दल 19वें एशियाई खेलों की पदक तालिका में कुल 35 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। जिसमें नौ स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

## हम चाहते हैं कि हम वास्तव में आक्रामक हों : जोस बटलर

**एजेंसी। लंदन**

मौजूदा चैंपियन के रूप में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में प्रवेश करने से पहले, इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनकी टीम भारत में आगामी प्रतियोगिता के दौरान आक्रामक हो, खेल में आगे बढ़े और आशावादी रहे। ऑस्ट्रेलिया में 2022 में पुरुष टी20 विश्व कप में इंग्लैंड का नेतृत्व करने के बाद, बटलर अपने टी20 ताज में एकदिवसीय सफलता जोड़ना चाहेंगे, जब इंग्लैंड 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगा। डेली मेल ने बटलर के हवाले से कहा, मैं चाहता हूं कि हम वास्तव में आक्रामक रहें, खेल को आगे बढ़ाएं और हमेशा सकारात्मक रहें। शायद हमें उस पर थोड़ा और वापस लौटने की जरूरत है। मैं चाहता हूं कि हम सीमाएं लांघें और हम इसे हल्के में नहीं ले सकते, हम हर बार ऐसा करेंगे। सिर्फ इसलिए कि हमने इसे पहले किया है इसका मतलब यह नहीं है कि यह गेम दर गेम होगा।" इंग्लैंड में न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार एकदिवसीय विश्व कप ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाने के चार साल बाद, बटलर एक प्रेरणादायक पद संभालते हुए अपने खिताब की रक्षा करने की कोशिश में आगे से टीम का नेतृत्व करेंगे। बटलर ने इयोन मॉर्गन से कप्तानी संभाली है जिन्होंने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यह कई बार चुनौतीपूर्ण रहा है, निश्चित रूप से, विभिन्न तरीकों से। लेकिन कप्तानी मेरे करियर में अच्छे समय पर आई। मैं अपने 30 के दशक में पहुंच रहा था और कुछ ऐसा करना जो मैंने पहले नहीं किया था, रोमांचक था।" बटलर ने कहा, मैंने बस खुद जैसा बनने की कोशिश की है। मैंने इससे बहुत बड़ी सीख ली है। मैंने स्पष्ट रूप से इयोन के साथ मिलकर काम किया है और खेल के बारे में हमारे विचार काफी हद तक समान हैं, इसलिए मैं जिस तरह से खेलना चाहता हूं उसमें बहुत ज्यादा अंतर नहीं है।"



## बांग्लादेश ने अभ्यास मैच में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी। गुवाहाटी**

बांग्लादेश ने यहां बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में अपने पहले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 अभ्यास मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हरा दिया। इस महीने एशिया कप में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दो बार मुकाबला हुआ और दोनों बार लायंस जीते। एक महीने से भी कम समय में उनकी तीसरी मुलाकात गुवाहाटी में हुई और 1996 के चैंपियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो शुरू में सही फैसला प्रतीत हुआ। पथुम निसंका और कुसल परेरा के बीच शतकीय साझेदारी ने शानदार शुरूआत की, जिसमें निसंका ने 64 गेंदों में 68 रन में नौ चौके और परेरा ने छह चौके लगाए। परेरा एक बड़े स्कोर के लिए पूरी तरह से तैयार दिख रहे थे, लेकिन उनका दिन निराशाजनक हो गया जब 10वें ओवर की शुरूआत में उनके कंधे में चोट लग गई और उन्हें रिटायर हर्ट होने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिससे मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को 7 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती मैच से पहले परेरा की फिटनेस पर पसीना बहाना पड़ा। उनकी जगह कुसल मेंडिस को लिया गया लेकिन तीसरे नंबर पर पहला विकेट गिरा, जो 22 रन पर नसुम अहमद की गेंद पर नजमुल हुसैन द्वारा कैच कर लिए गए। श्रीलंका ने अपनी पारी के आधे चरण से पहले दो और बल्लेबाजों को खो दिया - जिसमें 68 रन पर निसंका भी शामिल थे - क्योंकि बांग्लादेश ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। टाइगर्स बाकी पारियों में शीर्ष पर थे, केवल धनंजय डी सिल्वा ने 79 गेंदों में 55 रन बनाए। श्रीलंका की टीम 49.1 ओवर में 263 रन पर ऑलआउट हो गई, जिससे बांग्लादेश के लिए एक आसान लक्ष्य मिल गया, जिसे उन्होंने आराम से हासिल कर लिया। लिटन दास ने सकारात्मक खेल दिखाया और 61 रन की पारी में 10 चौके लगाए, इससे पहले कि उन्होंने एक विकेट पर 131 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवा दिया, लेकिन बांग्लादेश नहीं डगमगाया। कप्तान मेहदी हसन मिराज ने नाबाद 67 रनों की पारी खेलकर लक्ष्य का पीछा किया, जबकि दास के साथी सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने सर्वाधिक 84 रन बनाए और उन्होंने आठ ओवर शेष रहते आराम से लक्ष्य का पीछा कर लिया। बांग्लादेश ने 42 ओवर में 264/3 का स्कोर बनाया।



### तिरुवनंतपुरम में गीला मौसम

अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोई खेल नहीं हो सका, बारिश के कारण उनका मैच रद्द कर दिया गया। अफगानिस्तान मंगलवार को श्रीलंका से खेलेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

### डब्ल्यूपीएल : आरसीबी ने ल्यूक विलियम्स को मुख्य कोच नियुक्त किया

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के ल्यूक विलियम्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीजन के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। एडिलेड में जन्मे 43 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपने चार सीजन के कार्यकाल में, विलियम्स ने दो उपविजेता रहने के बाद 2022-2023 में टीम को पहली महिला बिग बैश लीग का खिताब दिलाया। साउदर्न ब्रेव के साथ सहायक कोच के रूप में जुड़े ल्यूक ने प्रदर्शन-उन्मुख दृष्टि के साथ किस्मत बदल दी और टीम को उनकी पहली महिला हंड्रेड चैम्पियनशिप का खिताब दिलाया। उन्होंने महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (50 ओवर) में साउथ ऑस्ट्रेलियन स्कॉर्पियन्स के साथ चार साल बिताए और उनके मार्गदर्शन में टीम दो मौकों पर उपविजेता रही। वह इस साल की शुरूआत में इंग्लैंड का दौरा करने वाली ऑस्ट्रेलिया ए टीम के मुख्य कोच थे।

## छह दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता | विश्व चैंपियन किन, जू ने हैट्रिक बनाई

# झांग ने एशियाड तैराकी में 6 स्वर्ण जीते

**एजेंसी। हांगझोउ**

विश्व चैंपियन चीन के किन हैयांग और जू जियायू ने छह दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता के आखिरी दिन हांगझोउ एशियाई खेलों में क्रमशः पुरुषों के ब्रेस्टस्ट्रोक और बैकस्ट्रोक में हैट्रिक हासिल की। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन झांग युफेई ने महिलाओं की 50 मीटर बटरफ्लाई को अपने छह स्वर्ण संग्रह में जोड़ा। पुरुषों की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में, किन ने 26.35 सेकंड में पहला स्थान हासिल किया, जबकि चीन के सुन जियाजुन 26.92 सेकंड में पीछे रह गए और रजत पदक हासिल किया। दक्षिण कोरियाई तैराक चोई डोंगयेओल 26.93 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने जुलाई में फुकुओका वर्ल्ड में 2:05.48 के साथ 200 मीटर ब्रेस्ट विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया और विश्व चैंपियनशिप के एकल संस्करण में ब्रेस्टस्ट्रोक विषयों में स्वीप पूरा करने वाले पहले तैराक बन गए। हांगझोउ एशियाड में, किन ने फिर से तिहरा कारनामा पूरा किया। 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में पांच स्वर्ण जीतने वाले बैकस्ट्रोक विशेषज्ञ जू ने 1:55.37 में पुरुषों के 200 मीटर का खिताब जीता। दक्षिण कोरिया के ली जुहो 1:56.54 के साथ दूसरे और जापान के हिदेकाजू ताकेहारा 1:57.63 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। जू ने 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर में तीन स्वर्ण पदक हासिल करके बैकस्ट्रोक में अपनी सर्वोच्चता को फिर से रेखांकित किया, हांगझोउ एशियाड में उनके स्वर्ण पदकों की संख्या पांच थी। झांग ने महिलाओं की 50 मीटर बटरफ्लाई में 25.10 सेकंड के नए गेम रिकॉर्ड के साथ खेलों में अपना छठा स्वर्ण पदक जीता, जो जकार्ता एशियाड में जापान की रिकाको आइकी द्वारा निर्धारित 25.55 के पिछले निशान को पार कर गया। उनकी टीम की साथी यू यिटिंग 25.71 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और इकी को 26.02 सेकंड के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 25 वर्षीय झांग ने अपनी आंखों में आंसू भरते हुए स्वीकार किया, यह पहली बार था कि मैंने किसी बीमारी से मुकाबला किया, इसलिए इससे मेरे प्रदर्शन पर थोड़ा असर पड़ा। हांगझोउ में अपनी आखिरी दौड़ पूरी करने के बाद, स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि एशियाई खेलों के माध्यम से, वह पेरिस ओलंपिक खेलों को एक उच्च मंच पर देख सकती हैं। उन्होंने कहा, मैं इन खेलों में अपने प्रदर्शन के लिए खुद को 100 में से 95 अंक दूंगी। महिलाओं की 800 मीटर फ्रीस्टाइल में, चीन की 21 वर्षीय ली बिंगजी आठ मिनट 20.01 सेकंड में पोडियम पर रहीं। जापान के वाका कोबोरी और एक अन्य चीनी तैराक यांग पेइकी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में दक्षिण कोरिया के किम वूमिन 3:44.36 के साथ पहले स्थान पर रहे। चीन के उभरते सितारे पैन झानले 3:48.81 में पीछे रहे और वियतनाम के गुयेन हुई होआंग को 3:49.16 में कांस्य पदक मिला। शुक्रवार को अन्य रेसों में, जापान के टोमोरू होंडा ने 1:53.15 के गेम्स रिकॉर्ड के साथ पुरुषों का 200 बटरफ्लाई खिताब जीता। जापान ने महिलाओं की 4X100 मीटर मेडले रिले में 3:57.67 का समय लेकर स्वर्ण पदक हासिल किया।





KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## पीएम मोदी ने की 'संकल्प सप्ताह' की शुरूआत, बोले

# जमीनी स्तर पर बदलाव लाकर आगे बढ़ें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में देश के आकांक्षी ब्लॉकों के लिए 'संकल्प सप्ताह' नामक एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरूआत की। संकल्प सप्ताह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, एस्पिरेशनल ब्लॉक के लिए, मैं राज्य सरकारों और भारत सरकार के अधिकारियों से आग्रह करूंगा कि वे इस बात पर भी ध्यान दें कि जो ब्लॉक के अंदर सफल हैं, उनका भविष्य भी उज्ज्वल होना चाहिए, ताकि उनमें कुछ करने का जुनून हो। वे परिणाम लाने वाले लोग हैं, उन टीमों को आगे बढ़ाना चाहिए।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम देखना चाहते हैं 2047 तक देश एक विकसित राष्ट्र बनेगा। लेकिन विकसित देश का मतलब यह नहीं है कि भव्यता दिल्ली, मुंबई या चेन्नई में दिखे और हमारे गांव पीछे रह जाएं, हम उस मॉडल का पालन नहीं करते हैं। हम इसकी कमान अपने हाथ में लेना चाहते हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सरकार ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए एक बहुत ही सरल रणनीति के साथ काम किया है। 'अगर हम सर्वांगीण विकास और सर्व-लाभकारी विकास नहीं करेंगे, तो आंकड़े संतुष्टि तो दे सकते हैं, लेकिन बुनियादी बदलाव संभव नहीं है। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम जमीनी स्तर पर बदलाव करके आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि यह 'संकल्प सप्ताह' टीम इंडिया की सफलता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, "यह हर किसी के प्रयास की भावना का प्रतीक है। यह कार्यक्रम है भारत के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसमें संकल्प से सिद्धि की झलक है।" उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि जिस तरह एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम को सफलता मिली है, उसी तरह एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम भी शत-प्रतिशत सफल होने जा रहा है।" प्रधान मंत्री ने यह भी कहा कि भारत मंडपम, जहां विश्व नेता वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे, अब उन व्यक्तियों की मेजबानी कर रहा है जो जमीनी स्तर पर बदलाव लाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, "मेरे लिए यह शिखर सम्मेलन जी20 शिखर सम्मेलन जितना ही महत्वपूर्ण है।" उन्होंने यह भी कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को बदल दिया है।

### छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय : प्रधानमंत्री



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली में राज्य की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है। हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस से परेशान है। रोजगार के नाम पर सिर्फ घोटाले ही घोटाले हैं। इसलिए जनता छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को हटाने और भाजपा को लाने के लिए तैयार है। जनता ने राज्य में बदलाव लाने का फैसला कर लिया है। प्रधानमंत्री ने भाजपा को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए समर्पित बताते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए भाजपा की सरकार पूरी तरह समर्पित रही है। आज मैं आपको ये गारंटी देने के लिए आया हूं कि आपके हर सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। आपका सपना मोदी का संकल्प है। रैली में जुटी भीड़ के उत्साह को बदलाव का संकेत बताते हुए मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है। उन्होंने कहा, आप (छत्तीसगढ़ के लोग) सभी कांग्रेस को सत्ता से हटाने और भाजपा को लाने के लिए तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली से मैं जितनी कोशिश करूं यहां की कांग्रेस सरकार उसको फेल करने में जुटी रहती है।

### पीएम मोदी जकलियर-कृष्णा नई रेलवे लाइन को आज करेंगे राष्ट्र को करेंगे समर्पित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से जकलियर-कृष्णा के बीच नयी रेलवे लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कृष्णा रेलवे स्टेशन से कचेगुडा तक उद्घाटन रेल सेवा को हरी झंडी दिखायेंगे। यह कार्यक्रम तेलंगाना में महबूबनगर में आयोजित किया जाएगा। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मोदी कार्यक्रम के दौरान 13500 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यो जिसमें सड़क , पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं उच्च शिक्षा जैसी कई विकासात्मक परियोजनाएं की आधारशिला रखेंगे एवं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## गागर में सागर

### जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, 2 आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया है। कुपवाड़ा पुलिस के दिए गए एक खुफिया इनपुट के आधार पर, माछिल सेक्टर के कुमकाडी इलाके में सेना और पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाया। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन अभी भी जारी है। मुठभेड़ स्थल से अब तक दो एके राइफल, चार एके मैगजीन, 90 राउंड, एक पाकिस्तान निर्मित पिस्तौल, एक थैली और पाकिस्तानी मुद्रा में 2,100 रुपये बरामद किए गए हैं।

### भारत में जर्मन दूत ने भ्रामक विज्ञापन पर कहा, यह बोर्डिंग स्कूल नहीं है



**नई दिल्ली।** भारत में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन ने शनिवार को एक अखबार में बर्लिन में जर्मन राष्ट्रपति का आवास दिखाने वाले भ्रामक विज्ञापन पर कहा, यह कोई बोर्डिंग स्कूल नहीं है। एक्स पर एक पोस्ट में, एकरमैन ने कहाः प्रिय भारतीय माता-पिता - मुझे यह आज के अखबार में मिला। लेकिन यह इमारत कोई बोर्डिंग स्कूल नहीं है! यह बर्लिन में जर्मनी के राष्ट्रपति का घर है, भारत के राष्ट्रपति भवन जैसा। जर्मनी में भी अच्छे बोर्डिंग स्कूल हैं - लेकिन इस भवन में किसी बच्चे को दाखिला नहीं दिया जाता। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ विज्ञापन भी संलग्न किया। विज्ञापन में शीर्ष बोर्डिंग स्कूलों में प्रवेश के लिए जर्मन राष्ट्रपति के निवास की तस्वीर है।

### राष्ट्रीय संग्रहालय खाली कराने को शशि थरूर ने बताया बर्बरता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने शनिवार को राष्ट्रीय संग्रहालय को खाली करने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बर्बरता है, शुद्ध और सरल है। एक्स पर एक पोस्ट में, थरूर ने लिखा, अत्यधिक वास्तुशिल्प महत्व की एक ऐतिहासिक इमारत को ध्वस्त कर दिया जाएगा और उसकी जगह कुकी-कटर सरकारी भवन बनाया जाएगा! और इस बीच कम से कम दो साल तक कोई राष्ट्रीय संग्रहालय नहीं होगा। यह बर्बरता है , शुद्ध व सरल। उन्होंने अपने दावों के समर्थन में एक समाचार रिपोर्ट भी संलग्न की। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने भी कहा कि एक और शानदार इमारत, जो पारंपरिकता के साथ आधुनिकता को जोड़ती है, इस साल के अंत तक गायब हो जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में कई जगहों पर एनआईए के छापे

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के ग्राम ढांगरी में हुए आतंकी हमले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को पुंछ जिले में कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय पुलिस की सहायता से एनआईए की कई टीमों ने शनिवार को पुंछ जिले में चार अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी फिलहाल जारी है। पुंछ जिले के गुरसाई गांव के दो लोगों पर आतंकियों को शरण देने के मामले में एनआईए पहले ही मामला दर्ज कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि विगत एक जनवरी को ग्राम ढांगरी में हुए आतंकी हमले में सात लोगों की मौत हो गयी थी और 13 घायल हो गए थे।

### शाजापुर में बोले राहुल-हिंदुस्तान का 'एक्स-रे' कराने की जरूरत है

# पता चलना चाहिए कौन सी जाति की संख्या कितनी है



**एजेंसी। कालापीपल**

देश के पांच राज्यों में आने वाले विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज एक बार फिर जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि देश में कौन सी जाति कितनी संख्या में है, ये सामने लाने के लिए देश के 'एक्स-रे' की जरूरत है और कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी। मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के कालापीपल में प्रदेश कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही 'जन आक्रोश यात्रा' को संबोधित करते हुए गांधी ने अपनी बात के समर्थन में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ का संदर्भ दिया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कमलनाथ को चोट लग गई, जिसके बाद वे जैसे ही अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों ने सबसे पहले उनका एक्स-रे कराया, उसके बाद आगे की समस्या बताई। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कमलनाथ का सबसे पहले एक्स-रे किया गया, उसी प्रकार देश का भी अब एक्स-रे कराने की जरूरत आन पड़ी है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना देश के सामने आज सबसे बड़ा मुद्दा है। कांग्रेस की इस जनाक्रोश यात्रा सभा के दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पार्टी महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह समेत पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। अपना पुराना आरोप दोहराते हुए गांधी ने आज एक बार फिर कहा कि देश को 90 आला अधिकारी चलाते हैं, जिनमें से मात्र तीन अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं। इन तीन अधिकारियों की बजट खर्च में भागीदारी भी मात्र पांच फीसदी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मान लीजिए कि अगर देश में ओबीसी वर्ग की आबादी लगभग 50 फीसदी है तो उनका मात्र पांच फीसदी बजट खर्च पर ही नियंत्रण क्यों है। महिला आरक्षण के संदर्भ में गांधी ने कहा कि कांग्रेस इसके समर्थन में है, लेकिन कांग्रेस ने इसमें ओबीसी आरक्षण के बारे में पूछा, जिसका कोई जवाब नहीं दे रहा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के तीन मुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से आते हैं, लेकिन भाजपा ने ओबीसी वर्ग के जिन लोगों को विधायक या सांसद बनाया है, उन्हें भी बोलने नहीं दिया जाता। अपने लगभग 25 मिनट के संबोधन में गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग के विधायक और सांसदों से पूछें कि कानून बनाने से पूर्व क्या उनका विचार लिया जाता है। वास्तविकता ये है कि कानून आरएसएस वाले और देश के चुनिंदा अधिकारी बनाते हैं।

### सुरक्षा शामिल होंगे 156 'प्रचंड' लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर

# चीन-पाक की बढ़ेगी टेंशन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय के समक्ष 156 स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर्स 'प्रचंड' की मांग रखी है। माना जा रहा है कि वायुसेना की इस मांग को जल्द ही स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। इससे वायु सेना की शक्ति में जबरदस्त इजाफा होगा।

यहां एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सभी 156 हेलीकॉप्टर स्वदेशी होंगे। सभी 'प्रचंड' हेलीकॉप्टरों को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड बना रहा है। सेना के कॉम्बैट सर्च एंड रेस्क्यू, डिस्ट्रक्शन ऑफ एनेमी एयर डिफेंस, काउंटर इनसर्जेंसी ऑपरेशन व रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट को धराशाई करने में प्रचंड हेलीकॉप्टर खासे मददगार हैं। यह हेलीकॉप्टर हाई एल्टीट्यूड बंकर बस्टिंग ऑपरेशंस में भी काफी सहायक हैं। इस पर 700 किलोग्राम तक के हथियार फिट किए जा सकते हैं। इसकी अधिकतम गति 268 किमी प्रतिघंटा है और रेंज 550 किमी है। जानकारी के मुताबिक, 156 स्वदेशी लाइट कॉम्बैट 'प्रचंड' हेलीकॉप्टर में से 66 हेलीकॉप्टर वायुसेना को मिल सकते हैं, और 90 प्रचंड हेलीकॉप्टर भारतीय थल सेना को मिलेंगे। फिलहाल अभी वायु सेना व थल सेना दोनों के पास कुल मिलाकर केवल 15 हेलीकॉप्टर हैं। इनमें से 10 हेलीकॉप्टर वायुसेना के पास हैं और पांच हेलीकॉप्टर थल सेना के पास हैं। भारतीय सेनाओ ने अपने इन स्वदेशी हेलीकॉप्टरों को अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर चीन और पाकिस्तान बॉर्डर के निकट तैनात किया है। जानकारी के मुताबिक, अब नए हेलीकॉप्टर आएंगे, उन्हें भी चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात किया जाएगा। गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना हेलीकॉप्टरों के साथ युद्धाभ्यास भी कर चुकी है। रक्षक विशेषज्ञों के मुताबिक, पाकिस्तान की सीमा के पास इसका पहला स्क्वॉड्रन तैनात है। यही कारण है कि अब भारतीय सेना के जवानों के लिए पाकिस्तान सीमा के आसपास निगरानी करना ज्यादा सुविधाजनक और सुरक्षित हो गया है।

रक्षा विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि इन हेलीकॉप्टर की मदद से आर्म्ड फोर्सज को घुसपैठ की वारदातों पर लगाम लगाने में मदद मिली है। बेंगलुरु में एलसीएच का पहला स्क्वॉड्रन बनाया जा चुका है। इन हेलीकॉप्टरों को सात अलग-अलग यूनिटों के अंतर्गत सात अलग-अलग पहाड़ी इलाकों में तैनात किया जाएगा। हेलीकॉप्टर में दो लोग बैठ सकते हैं। पूरे साजो सामान के साथ इसका वजन 5,800 किलोग्राम है। लगातार 3 घंटे 10 मिनट की उड़ान भरने की क्षमता है।

डेंगू कैसे करें पहचान कैसे रहें सावधान

एडिस मच्छर
डेंगू/चिकनगुनिया संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से होता
याद रखें
प्रत्येक रविवार दिन में 10 बजे, 20 मिनट अपने घर एवं आस-पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करें
डेंगू से बचाव के लिए संदेश
- डेंगू फैलाने वाले एडिस मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते हैं।
- अपने घर के आस-पास एवं घर में कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे तथा नारियल के खोपड़े में पानी जमा नहीं होने दें।
- टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाले बोतल, टिन, बेकार के टायरों को जमा न रखें, क्योंकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं।
- पानी जमा करने वाले सभी बर्तनों एवं पानी की टंकी को अच्छी तरह ढंक कर रखें।
- अपने कूलर को हमेशा साफ रखें। उसमें दुबारा पानी भरने से पहले उसे रगड़ कर साफ करके सुखा लें।
- फूलदान, पैन तथा पालतू पक्षियों के पानी पीने के बर्तन में सप्ताह में एक बार पानी को बदल दें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिये पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें।
- जिन क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप अधिक है, उन क्षेत्रों में जाने से पहले अपनी त्वचा पर मच्छररोधी क्रीम का प्रयोग करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवाएं।
- डेंगू बुखर के उपचार के लिये कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू के लक्षण दिखायी दे, तो तुरंत चिकित्सक से से सम्पर्क करें।
डेंगू के लक्षण
- अचानक तेज बुखार आना, पहचान खोना
- तेज सिर दर्द
- आँखों के पिछले हिस्से में दर्द
- जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द
- नाक बहना, उल्टी होना
- छाती और हाथों में खसरा जैसे चकते/दाने निकल आना
- मसूड़ों तथा अन्त:स्रावी ग्रन्थियों से खून बहना
- भोजन में अरुचि, भूख न लगना
क्या करें
- डेंगू/चिकनगुनिया फैलाने वाले एडिस मच्छर साफ पानी में ही पनपते हैं, इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढंक कर रखें। घर के आस-पास सफाई रखें।
- हमेंशा मच्छरदानी के अंदर ही सोयें।
- एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- डेंगू/चिकनगुनिया बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू/चिकनगुनिया के लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।
- मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवाएं।
याद रखें
बचाव इलाज से बेहतर होता है। किसी भी बुखार को हल्का न लें, यह डेंगू हो सकता है। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

डेंगू क्या है?
डेंगू एक वायरल और गंभीर फ्लू की तरह संक्रमित रोग है, जो संक्रमित एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमित मच्छर के काटने के 5 - 6 दिन बाद मनुष्य में डेंगू के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। डेंगू के दो रूप हैं- डेंगू बुखार और डेंगू हेमोरेजिक बुखार (डी.एच.एफ.)
डेंगू कैसे होता है?
डेंगू मुख्यत: संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से होता है। एडिस मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में, जो घर के अंदर और घर के आस-पास टूटे हुए बर्तन, प्रयोग में नहीं आने वाले बोतल, टिन, बेकार के टायरों, कूलर, बाल्टी, फूलदान, फ्रिज ट्रे तथा नारियल के खोपड़े में जमा पानी में पनपते हैं।
डेंगू किसे हो सकता है?
कोई भी व्यक्ति, जिसे संक्रमित मादा एडिस मच्छर काट ले उसे डेंगू होने की सम्भावना होती है। संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से अधिकतर लोग डेंगू से प्रभावित होते हैं, लेकिन वैसे लोग डेंगू से जल्दी प्रभावित हो सकते हैं, जिनमें रोग रोधण क्षमता कम होती है तथा वैसे लोग, जो पहले भी डेंगू से संक्रमित हो चुके हैं।
एडिस मच्छर की पहचान
एडिस मच्छर के शरीर पर काली और सफेद धारियां होती हैं।
सावधानी
लक्षण के आधार पर रोगी की सही समय पर जाँच एवं उपचार प्रारंभ हो जाना चाहिये। जाँच और उपचार में विलम्ब होने पर रोग जटिल या गंभीर हो सकता है तथा रोगी की मौत भी हो सकती है।
तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द को अनदेखा न करें, यह डेंगू/चिकनगुनिया हो सकता है।
लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत सहिया/ए.एन.एम. दीदी से संपर्क करें।
आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी के लिए डायल करें-टॉल फ्री नं. 14555/18003456540
स्वास्थ्य सलाह के लिए मेडिकल हेल्पलाईन टॉल फ्री नं. 104 पर डायल करें
आकस्मित स्थिति में किसी भी मरीज को एम्बुलेंस द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाने के लिए डॉयल करें-108
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PR 308115 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24